


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 168 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 2 अप्रैल 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### बाबा महाकाल की शरण में एनएसए अजीत डोभाल, भस्म आरती में हुए शामिल

**उज्जैन ( एजेंसी )।** बाबा महाकाल के दरबार में प्रतिदिन होने वाली दिव्य व आलोकित भस्म आरती के दर्शन करने के लिए देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत कुमार डोभाल सुबह महाकाल मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने विशेष पद की बजाय सादगी से बाबा महाकाल के दर्शन किए। गर्भगृह में पं राम गुरु द्वारा बाबा महाकाल का विशेष पूजन अर्चन करवाने के बाद डोभाल ने नंदी जी का पूजन अर्चन किया और उनके कानों में विशेष मंगल कामना भी कही। आज सुबह श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुरक्षा कारणों के चलते मीडिया पर प्रतिबंध रहा। इस दौरान किसी भी मीडियाकर्मी को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया गया था। बता दें शनिवार को भी अजीत डोभाल ने संध्या आरती के बाद बाबा महाकाल के दर्शन किए। डोभाल ने चांदी द्वार से बाबा महाकाल के दर्शन किए और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। डोभाल के महाकाल दर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। डोभाल को जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। इसके चलते उज्जैन पुलिस प्रशासन ने डोभाल की सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए थे।

### चुनाव नहीं लड़ेगा जोगी परिवार! अमित जोगी ने कहा- मेरी मां का स्वास्थ्य खराब है

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बीच राजनीति के गलियारे से बड़ी खबर सामने आ रही है। इस बार के विधानसभा चुनाव से जोगी परिवार खुद को दूर रख सकता है। इसकी जानकारी खुद जेसीसीजे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने दी है। अमित जोगी ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपनी बात लोगों के सामने रखी है। अमित जोगी ने पोस्ट कर लिखा कि 'लोग पूछते हैं कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को मात्र 7 महीने बचे हैं और JCCJ कुछ नहीं कर रही हैं। राजनीति जीवन से कभी बढ़ी नहीं हो सकती। मेरे पापा स्वर्गीय अजीत जोगी जी को खोने के बाद मेरे लिए मेरी माँ का स्वास्थ्य छत्तीसगढ़ की सत्ता से कहीं ज्यादा सर्वोपरि है और जब तक वो पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं हो जाती मैं उनके साथ साये की तरह रहूँगा। मेरा दुर्भाग्य है कि पापा के आखिरी क्षणों में मैं उनके साथ नहीं रह पाया। इस गलती को मैं मम्मी के साथ नहीं दोहरा सकता। इसीलिए मेरा प्रथम उद्देश मम्मी का स्वस्थ होना है। बाकी राजनीति करने के लिए पूरी उम्र पड़ी है।

सामूहिक आत्महत्या

## जशपुर में दो बच्चों को फांसी से लटकाकर पति-पत्नी भी फंदे से लटके

**जशपुर ( एजेंसी )।** जशपुर में पहाड़ी कोरवा परिवार ने सामूहिक आत्महत्या कर ली। परिवार के चार लोगों के शव रविवार सुबह पेड़ से लटके हुए मिले हैं। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल है। आशंका है कि बच्चों को फांसी से लटकाने के बाद पति-पत्नी ने भी फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पहाड़ी कोरवा, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाली संरक्षित जनजाति है। इस समुदाय में सामूहिक आत्महत्या की यह पहली घटना है।



### घर के बाहर अमरूद के पेड़ से लटके मिले शव

जानकारी के मुताबिक, घटना बगीचा थाना क्षेत्र के सामरबहार पंचायत की है। यहां की झूमराडूमर बस्ती में राजुराम कोरवा अपनी पत्नी भिनसारी बाई और दो बच्चों चार साल की बेटी देवंती व एक साल के बेटे देवन राम के साथ रहता था। चारों सदस्यों के शव घर के बाहर अमरूद के पेड़ से फांसी पर लटके हुए मिले हैं। बगीचा थाना के सब इंस्पेक्टर एमआर साहनी ने बताया कि, अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। महुआ बीनने को लेकर पड़ोसी से विवाद की बात सामने आई है, पर अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

#### महुआ बीनने को लेकर पड़ोसी से हुआ था विवाद

उपसरपंच बालेश्वर यादव ने बताया कि, शनिवार को राजुराम व उसकी पत्नी भिनसारी बाई का जगनराम कोरवा व अन्य लोगों से बिमड़ा बैगाकोना गांव से लगे जंगल में महुआ बीनने को लेकर विवाद हुआ था। जंगल में महुआ वनोपज बीनने की परंपरा पुश्तैनी है। इस विवाद में मारपीट नहीं हुई है। आत्महत्या का कारण यही हो, यह मैं नहीं कह सकता। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के लोगों और विवाद करने वाले परिवार से भी पूछताछ की जा रही है।

### प्रदेश की संरक्षित और अति पिछड़ी है पहाड़ी कोरवा जनजाति

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाली पहाड़ी कोरवा जनजाति छत्तीसगढ़ की संरक्षित जनजातियों में से एक है। यह जनजाति प्रदेश के उत्तर-पूर्व और उत्तर में स्थित जिलों के घने जंगलों में निवास कर रही है। दरअसल, छत्तीसगढ़ में 42 जनजातियां हैं, इनमें से सात संरक्षित हैं और उन्हें विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया गया है। पहाड़ी कोरवा जनजाति सरगुजा, बलरामपुर और जशपुर जिलों में निवास करती है। इनकी आबादी बेहद कम है। इनकी खास संस्कृति है। इनका जीवनयापन पूरी तरह से जंगल पर निर्भर है।

## ISRO को मिली बड़ी सफलता
## रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल RLV LEX का सफल परीक्षण




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को एक बड़ी सफलता मिली है। इसरो के वैज्ञानिकों ने डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना के साथ आज कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में दोबारा प्रयोग में लाए जा सकने वाले लॉन्च व्हीकल स्वायत्त लैंडिंग मिशन (RLV LEX) का सफलतापूर्वक संचालन किया।

ISRO के अनुसार, इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ऑटोनॉमस लैंडिग मिशन को आज सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग के एटीआर से संचालित किया गया। सुबह सात बजकर 10 मिनट पर RLV ने उड़ान भरा और 7.40 बजे यह एटीआर एयर स्ट्रीप में लैंड किया। बता दें कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के सहारे रॉकेट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है।

### और क्या रहा खास?

RLV LEX को भारतीय वायुसेना के चिनुक हेलीकॉप्टर से लाया गया। इसे 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर ले जाया गया और 4.6 किलोमीटर की रेंज पर छोड़ा गया।
इसके छोड़ने के बाद रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने धीमी गति से उड़ान भरा। इसके कुछ देर बाद वह लैंडिंग गियर के साथ खुद ही एटीआर में लैंड किया।
ISRO के साथ, भारतीय वायु सेना (IAF), सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन (CEMILAC), वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (ADE) और एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADRDE) ने इस परीक्षण में योगदान दिया।

## अलविदा: अर्जुन अवार्ड से सम्मानित दिग्गज क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन, 88 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट जगत के लिए रविवार को एक दुखद खबर सामने आई। भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। वह कैंसर से जूझ रहे थे। सलीम ने गुजरात के जामनगर में आखिरी सांस ली। वह पहले ऐसे क्रिकेटर थे, जिन्हें अर्जुन अवॉर्ड से नवाजा गया था। उन्हें यह सम्मान 1960 में मिला था। सलीम दुर्रानी भारत के लिए 29 टेस्ट खेल चुके, जिसमें उन्होंने एक शतक और सात अर्धशतक की मदद से 1202 रन बनाए थे। साथ ही 75 विकेट भी लिए थे।



सलीम दुर्रानी का जन्म 11 दिसंबर 1934 को अफगानिस्तान के काबुल में हुआ था। हालांकि, जब वह सिर्फ आठ वर्ष के थे तब उनका परिवार पाकिस्तान के कराची जाकर बस गया था। भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय दुर्रानी का परिवार भारत आ गया था। धीरे-धीरे सलीम की क्रिकेट में दिलचस्पी बढ़ी। 1960-70 के दशक में सलीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से पहचान बनाई थी। वह भारत के दिग्गज ऑलराउंडर्स में से एक रहे हैं।

सलीम ने 1960 में मुंबई टेस्ट में डेब्यू किया था। वह छक्के लगाने के लिए ज्यादा मशहूर हैं। सलीम ने आखिरी टेस्ट फरवरी 1973 में मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सलीम ने फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया। वह बॉलीवुड फिल्म 'चरित्र' में भी काम कर चुके हैं। इस फिल्म में सलीम के साथ परवीन बॉबी थीं।

## रामनवमी पर हिंसा
## अतिरिक्त अर्द्धसैनिक बल भेजने का लिया फैसला



### गृहमंत्री शाह ने बिहार के राज्यपाल से की बात

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रामनवमी पर बिहार के कई हिस्सों में हुई हिंसा पर केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से बात की। इस दौरान शाह ने हालात का जायजा लिया और बिहार की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की। बताया जाता है कि गृहमंत्रालय ने बिहार में अतिरिक्त अर्द्धसैनिक बल भेजने का फैसला लिया है। इसके लिए बिहार सरकार ने भी अनुरोध किया था।

#### 106 गिरफ्तार हुए, बिहार शरीफमें कर्फ्यू

हिंसा की इन घटनाओं के बाद अब तक कुल 106 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें 80 बिहारशरीफसे जबकि 26 को सासाराम से पकड़ा गया। रोहतास में सरकारी स्कूल और मदरसों को चार अप्रैल तक बंद कर दिया गया है। बिहार शरीफमें कर्फ्यू लागू है। सासाराम में धारा 144 लागू है।

### बिहार शरीफ और सासाराम में हुआ था उपद्रव

बिहार के बिहार शरीफ और सासाराम में रामनवमी के बाद हिंसा हुई थी। बिहार शरीफ में पत्थरबाजी और गोलीबारी हुई। इसमें एक की मौत हो गई। कई घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार शाम को हिंसा के बाद यहां 12 राउंड गोलियां चलीं। वहीं, सासाराम में रामनवमी के अगले दिन हुई पत्थरबाजी और आगजनी ने माहौल तनावपूर्ण कर दिया है। शनिवार को यहां बम ब्लास्ट हुआ, जिसमें छह लोग घायल हो गए।

### शाह की नवादा में रैली


गृहमंत्री अमित शाह नवादा में रैली करेंगे। यहां हिसुआ इलाके में एक बड़ी जनसभा होगी। इसके लिए शनिवार शाम वह पटना पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य के भाजपा नेताओं से मुलाकात की। वहीं, हालात को देखते हुए गृहमंत्री शाह ने सासाराम का दौरा रद्द कर दिया।

छत्तीसगढ़ में लौट रहा कोरोना

## 11 जिलों के 1479 सैंपलों की जांच में 35 लोग कोरोना संक्रमित, सीआरपीएफ के जवान भी संक्रमित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना अपने पैर पसारने लगा है। प्रदेश में 1479 सैम्पलों की जांच हुई है। 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 2.37 प्रतिशत है आज प्रदेश भर में हुए 1479 सैंपलों की जांच में 35 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। प्रदेश में आज कोरोना संक्रमित किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है। प्रदेश में 11 जिला से कोरोना संक्रमित पाए गए तथा शेष जिलों में कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया प्रदेश के 14 जिलों में कोरोना के सक्रिय मरीज नहीं है।



प्रदेश में 01 अप्रैल को 11 जिला कोरिया एवं बेमेतरा से 01-01, जांजगीर-चांपा जशपुर, राजनांदगांव एवं कांकेर से 02-02, दुर्ग से 03, कोण्डागांव एवं बिलासपुर से 04-04 धमतरी से 05 रायपुर से 09 कोरोना संक्रमित पाए गए तथा शेष जिलों में कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है। प्रदेश में आज 14 जिलों बालोद, कबीरधाम, बलौदाबाजार, गरियाबंद, रायगढ़, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, सुरजपुर, बलरामपुर बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर एवं बीजापुर में कोरोना के सक्रिय मरीज नहीं है।

कोंडागांव में CRPF के दो जवानों सहित छह लोग संक्रमित मिले हैं। किसी की भी ट्रेवेल हिस्ट्री नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी को वैक्सीन की तीनों डोज भी लग चुके थे। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे परिवार को आईसोलेट कर दिया गया है। इसके अलावा प्रशासन को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

बताया जा रहा है कि संक्रमित लोगों में सबसे पहले बस्ती का एक युवक पॉजिटिव मिला था। युवक पेशे से चाय-नाश्ता की टपरी लगता है। कुछ दिनों से उसकी तबियत भी खराब चल रही थी। उपचार से पहले हुई कोविड जांच में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल युवक व उसके पूरे परिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होम आइसोलेशन में रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उसे आवश्यक दवाइयां भी दे दी गईं हैं।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोलहेडकर ने बताया कि संक्रमित युवक सहित पिछले तीन-चार दिनो से सीआरपीएफ जवानों के अलावा आसपास के लोग संक्रमित थे। बीमार युवक शुक्रवार सुबह इलाज के लिए अस्पताल आया था। जहां रैपिड एंटीजन किट में जांच के दौरान उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। युवक को वैक्सीन की तीनों डोज भी लग चुकी है। आवश्यक सावधानियां बरतने की समझाइश दी गई है।

### नामीबिया से आया ओबान कूनो से निकलकर गांव में घुसा, ग्रामीणों में दहशत, वाइल्ड लाइफ की टीम मौके पर

**श्योपुर ( एजेंसी )।** कूनो नेशनल पार्क से ओबान नामक चीता बाहर निकलकर गांव में चला गया है। जिसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ओबान को कुछ ही दिन पहले कूनो नेशनल पार्क के बड़े- बाड़े से खुले जंगल में वन विभाग की टीम ने रिलीज किया था। बता दें, विजयपुर तहसील के गोली पुरा और झाड़ बड़ौदा गांव के पास के इलाके में ओबान घुस गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर एकत्रित हुए हैं। सूचना मिलने पर तुरंत वन विभाग और टीम वाइल्ड लाइफ की टीम मौके पर पहुंची है और ओबान को डीएफओ के साथ सर्चिंग कर रही है।

## हनुमान मंदिर परिसर में तोड़ू दस्ता

श्रीकंचनपथ




बीएसपी का तोड़ू दस्ता एक बार फिर सुर्खियों में है. इस बार मामला सेक्टर-9 अस्पताल स्थित हनुमान मंदिर का है। हनुमान जयंती पर इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। यह सिलसिला पिछले कई दशकों से बना हुआ है। साल दर साल भक्तों का रेला पिछले साल से बड़ा होता जाता है। हनुमान जयंती के दौरान गर्मी काफी तेज होती है। भक्तों पर अल्ट्रावायलेट किरणों की बौछार होती है। उन्हें तपिश से बचाने के लिए कई उपाय किये जाते हैं। गेट से लेकर मंदिर तक कारपेट बिछाया जाता है। पंडाल लगाया जाता है। शीतल पेय की व्यवस्था की जाती है। हनुमान जयंती पर भक्त यहां भंडारे का भी आयोजन करते हैं। भंडारा जनसहयोग से होता है। इस भंडारे के बारे में कहा जाता है कि भक्तों की संख्या चाहे जो हो, कभी कुछ भी कम नहीं पड़ता। भंडारा देर शाम, यहां तक कि रात तक चलता रहता है। भक्तों की सुविधा के लिए ही यहां डोमशेड का निर्माण किया जा रहा था। बीएसपी के नगर प्रशासन विभाग को यह रास नहीं आया। वह सीधे जेसीबी लेकर डोमशेड उखाड़ने पहुंच गया। हनुमान मंदिर परिसर में जेसीबी या बुलडोजर लेकर पहुंचने की यह घटना छह दशक पहले का इतिहास दोहराने जैसी है। यह दान की जमीन है। इस जमीन पर दानदाता के पुरखों का हनुमान मंदिर था। अस्पताल का नक्शा बना तो मंदिर को हटाने की जरूरत महसूस हुई। दानदाता और प्रबंधन में सहमति भी बन गई और मंदिर को अस्पताल परिसर से बाहर शिफ्ट करने की तैयारी शुरू हो गई। इंजीनियरों का दस्ता बुलडोजर लेकर यहां पहुंचा। पर मशीनें मंदिर तक नहीं पहुंच पाई। इसे दैव निर्देश मानकर इंजीनियरों ने मंदिर को जहां का तहां सुरक्षित छोड़ दिया और अस्पताल के नक्शे में परिवर्तन कर लिया। इस मंदिर में अस्पताल के चिकित्सकों से लेकर यहां आने वाले मरीजों तक की गहरी आस्था रही है। इस अस्पताल की गिनती मध्यभारत के श्रेष्ठ अस्पतालों में होती रही। लगता है बीएसपी का तोड़ू दस्ता इतिहास भूल गया है। वह डोमशेड तोड़ने की जिद पर अड़ा है। उसने यहां भक्तों और पुरोहितों के साथ अभद्रता की, उनके साथ मारपीट की। वह भूल गया कि हर बात जोर-जबरदस्ती से नहीं मनवाई जा सकती। इससे पहले वह सेक्टर-4 के एक मकान को खाली करवाने के लिए जोर-जबरदस्ती पर उतर आया था। इस मामले में उसे मुंह की खानी पड़ी थी। इस मकान में बिना बिजली पानी के कैद हो गये एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या कर ली थी जिसका कलंक आज तक इस्पात नगरी ढो रही है। वैसे भी प्रबंधन मंदिर को लेकर सहज नहीं है। आखिर, क्या हर्ज था बातचीत करने में? क्यों जरूरी था यहां जोर-जबरदस्ती करना? महिलाओं के बाल खींचना, उन्हें मुक्के मारना। तोड़ू दस्ते को भक्तों और पुजारियों से मारपीट करने की इजाजत किसने दी? कहीं यह राजनीतिक पैंतरेबाजी तो नहीं?



ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810 +91 8103338634





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# राहुल गांधी के बढ़ते लोकप्रियता से मोदी सरकार डरी हुई है-कवासी लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** आबकारी मंत्री कवासी लखमा सर्किट हाउस में कांग्रेसी कार्यकर्ता से भेट् मुलाक़ात के साथ प्रेस कॉन्फ़्रेंस लेने पहुँचे थे उससे पहले तिरंगा चौक में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और दादी जिंदाबाद के नारे लगाए।मार्ग में लोगों ने आबकारी मंत्री को नमस्कार किया।

इस पर आबकारी मंत्री ने सभी का अभिवादन करते हुए काफिले के साथ सर्किट हाउस पर पहुँचे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री कवासी लखमा ने मोदी और अडानी पर जमकर हमला बोला।छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री ने कहा आखिर ऐसा क्या हुआ कि जो अडानी अरबपतियों की लिस्ट में 8 साल पहले 609वें नंबर पर था वो अचानक पहले नंबर पर कैसे आ गया।लखमा ने आगे कहा पीएम मोदी राहुल की लोकप्रियता से घबरा गए है। हमारे नेता राहुल गांधी को अडानी पर सवाल उठाने के चलते परेशान किया जा रहा है। हम राहुल गांधी के लिए आम जनता के साथ मिलकर लड़ाई लड़ेंगे, और हमे न्याय मिलेगी क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है हर नही सकता।वही उन्होंने कहा कि अडानी अगर छग में उद्योग लगाएंगे तो मैं उनका समर्थन नहीं करूंगा।आगे उन्होंने कहा कि देश का सरकार ,प्रधानमंत्री और अन्य नेता लोकतंत्र की हत्या करने में जुटे है।कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी के ऊपर अत्याचार कर संसद सदस्यता खत्म करवाने के साथ बंगला से निकालने को नोटिश दिया गया है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोरी तानासाही शासन कर रहे है।पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा पूछा गया कि अडानी 2002 में छै सौ नौ नम्बर के उद्योगपति में थे लेकिन अब दुनिया के नम्बर दो उद्योगों पति है ये दौलत कहा से आया यही प्रश्न पूछे गए जिसके चलते उनके खिलाफ संयन्त्र किया गया। लन्दन में मीडिया से चर्चा के दौरान बोले भारत मे लोकतंत्र खतरे में है ये देश की बात हम लड़ेंगे,इस बात से देश द्रोही बोला गया। देश मे घोटाला भ्रष्टाचारी की बात उठाने वाले का आवाज दबाया जाता है,135 करोड़ लोग जाने की लोकतंत्र को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

ऐसी हरकत पहली बार देखने को मिला।स्थानी मीडिया उठाते है,ऊपर की मीडिया की आवाज को केंद्र सरकार द्वारा दबाने का प्रयास करते है।महंगाई लगातार बढ़ रहा है,ये बात काँग्रेस और राहुल गाँधी उठा रहे है हम और जनता ये लड़ाई लड़ना है। मंत्री लकमा के कहा कि कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा से बिजेपी डरी हुई है। देश को लूटा जा रहा है हम उसका विरोध करेंगे और उसका परिणाम कर्नाटक छत्तीसगढ़ तेलंगाना के चुनाव में जनता दिखा देगी इसके साथ ही न्यायपालिका में हमे पूरा विश्वास है ।

वही वार्ता के दौरान उपस्थित राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ सषणयंत्र कर उन्हें दो वर्ष की सजा दिया गया है उससे पहले ही बंगला खालीं करवाया जा रहा है ।ये हमारी लड़ाई लोकतन्त्र के विरोधियों के प्रति है ,बीजेपी तनाशाही शासन कर रहा है ,इसका विरोध कर लोकतंत्र को बचाने के लिए यह लड़ाई कांग्रेस जनता के साथ मिलकर लड़ाई लड़ेगी और जीत सत्य की होगी।

## खास खबर

### भूपेश सरकार का बेरोजगारी भत्ता युवाओं को देगा सम्बल -कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए 2500 बेरोजगारी भत्ते की शुरुआत कर युवाओं को आर्थिक संबल और स्वावलम्बन प्रदान करने का काम किया है। 1 अप्रैल को आवेदन के पहले ही दिन कई युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हो चुका है जो दर्शाता है कि इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करना कितना सरल है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के युवा निश्चिंत होकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर पाएंगे, साथ ही सरकार द्वारा रोजगार सम्बन्धी ट्रेनिंग भी दी जाएगी। भूपेश सरकार ने शुरू से ही युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए कई महत्वपूर्ण काम किये है जिसका प्रतिफल है कि सरकार प्रदेश में 5 लाख युवाओं को रोजगार देने में सफल हुई है, साथ ही छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर पूरे देश में सबसे कम है। भूपेश सरकार के सर्वांगीण विकास की नीति के कारण प्रदेश में कोई भी वर्ग लाभान्वित होने से नहीं बचा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश सरकार की इस बड़ी घोषणा को भाजपा अपनी ताबूत में आखिरी कील समझ रही है। 2003 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के युवाओं से बेरोजगारी भत्ता का वायदा किया था, मगर तीन बार सत्ता में आने के बावजूद वादाखिलाफ भाजपा सरकार ने अपना वायदा पूरा नहीं किया।

### कलेक्टर ने किया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कार्य आज से जिले में प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर डोमन सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखण्ड के ग्राम तिलई, उपरवाह और गोपालपुर में किए जा रहे, सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्रों का अवलोकन किया तथा प्रगणकों को पूरी गंभीरता के साथ त्रुटिरहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। सर्वेक्षण के लिए मकानों की नंबरिंग, सर्वे प्रक्रिया, पोर्टल में ऑनलाइन एन्ट्री एवं मैनुअल एन्ट्री इत्यादि के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने निरीक्षण कर सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कार्य में नियुक्त अधिकारियों और प्रगणक से इस संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में डाटा बेस के अनुसार पात्र पाये जाने पर शासकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ी पहल:

# छत्तीसगढ़ में एक अप्रैल से शुरू हुआ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में एक अप्रैल 2023 से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 शुरू गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने आज अपने राजधानी रायपुर के निवास कार्यालय परिसर से सर्वेक्षण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सर्वेक्षण का कार्य प्रदेशभर में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलेगा। राज्य के सभी जिलों में आज प्रगणक दलों ने मोबाइल लेकर घर-घर दस्तक दे रहें हैं। मोबाईल ऐप्लीकेशन के माध्यम से दलों ने सर्वेक्षण से संबंधित डाटा संग्रहण का कार्य शुरू कर दिया है।



सर्वेक्षण के पहले दिन सभी जिलों के कलेक्टर ने प्रगणक दलों से चर्चा करते हुए सर्वेक्षण के संबंध में उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। सर्वे में कोई भी परिवार न छूटे और सभी इसमें शामिल हो सके, इसके लिए मकानों पर ऑयल पेंट से मोटे अक्षरों में लिखा जा रहा है ताकि यह जल्दी न मिटे। घर के सामने परिवार के मुखिया के साथ फोटो लेकर प्रपत्र के अलावा रजिस्टर में एंट्री की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों ने भी प्रगणक दलों के साथ मिलकर लोगों को सर्वे में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

सर्वेक्षण के दौरान मकानों की नंबरिंग और पोर्टल में जानकारियों की ऑनलाइन और ऑफलाइन एंट्री के साथ ही दलों ने लोगों से परिवार के मुखिया की जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, प्रधानमंत्री आवास, धान विक्रय का किसान पंजीयन क्रमांक, आधार नंबर, राशन कार्ड में परिवार की सूची, नरेगा जॉब कार्ड, परिवार की भूमि, परिवार की वार्षिक आय, सिंचाई साधन, वाहन एवं अन्य सामग्री, घर कच्चे या पक्के मकान, परिवार के कितने सदस्यों ने कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया, मोबाइल नंबर, उज्जवला गैस कनेक्शन की जानकारी ली। सर्वे के दौरान रोजगार जैसे-कृषि कार्य, स्वरोजगार, शासकीय नौकरी, निजी नौकरी, मजदूरी, बेरोजगारी की जानकारी लेकर मोबाईल ऐप्लीकेशन में एंट्री की गई।

सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और नई योजनाओं के निर्माण के लिए उपयोग किया जाना है। सर्वेक्षण से विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही भी अब नवीन सूची में शामिल हो पाएंगे और उन्हें पात्रता के अनुसार शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सकेगा।

मुंगेली जिले में कलेक्टर श्री राहुल देव ने विकासखंड मुंगेली के ग्राम चातरखार में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया और स्वयं दो लोगो की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में पोर्टल के माध्यम से एंट्री किया। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण हेतु चाही गई सभी आवश्यक जानकारी प्रपत्र में त्रुटिरहित भरने के निर्देश दिए। कांकेर जिले में कुल 454 ग्राम पंचायतों में 736 प्रगणक दल और 180 पर्यवेक्षक सर्वेक्षण कार्य में जुटे है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सुमीत अग्रवाल ने जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम पंचायत अमोड़ा के ग्राम कोर्राम पारा, ढोढरापहर और खदरवाही ग्राम में किए जा रहे सर्वेक्षण का निरीक्षण किया।

# मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों की मांग पर भवन के सुविधा विस्तार के लिए 25 लाख रुपए की मंजूरी भी दी। कार्यक्रम की शुरुआत राजगीत से हुआ।

मुख्यमंत्री ने समाज सेवा के क्षेत्र में महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा रायपुर में जनहित के कार्य करने वाली पुरानी संस्था के रूप में इसकी पहचान है । यह 87 वर्ष पुरानी संस्था है। पुराने समय में रायपुर में महाराष्ट्र मंडल का एकमात्र सामाजिक भवन था, जिसका उपयोग धार्मिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक सहित अनेक आयोजनों में होता रहा है, जो अनेक लोगों के लिए अभी भी यादगार है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की भाषा, रिती रिवाज और संस्कृति का लाभ पूरे देश को मिल रहा है। महाराष्ट्रीयन समाज का सहकारिता, स्वतंत्रता आंदोलन, संगीत, गायन, खेल सहित अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और सांसद निधि से पांच लाख रूपये की स्वीकृति भी दी है। रायपुर दक्षिण के विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले सहित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# नहर नाली पुनरोद्धार के बाद सिंचाई समस्या, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जल उपभोक्ता संस्था टेकारी के अंतर्गत आने वाले नहर नाली के पुनरोद्धार के बाद इसके शुरुआती ग्राम टेकारी को ही बीते 6 वर्षों से सिंचाई समस्या से जूझना पड़ रहा है ।

पूर्व में पदस्थ अधिकारियों द्वारा ध्यानाकर्षण के बाद भी इस समस्या से निजात दिलाने में कोताही बरतने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सिंचाई पंचायत के अध्यक्ष रहे भूपेन्द्र शर्मा के माध्यम से बीते दिनों जल संसाधन मंत्री रवीन्द्र चौबे को? ज्ञापन सौंप इस समस्या की ओर ध्यानाकृष्ट कराया था जिसके बाद जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 के कार्यपालन अभियंता एम बोरकर ने अपने अधीनस्थों को आनन फानन में भेज इस नहर नाली में निस्तारी पानी दौड़ने के बीच निरीक्षण कराया । मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समस्या से रुबरु हो इससे निजात दिलाने का आश्वासन दिया । ज्ञातव्य हो कि महानदी जलाशय परियोजना के अधीनस्थ आने वाले जल प्रबंध संभाग एक के उपसंभाग 4 के अधीन आता है टेकारी जल उपभोक्ता संस्था । इस संस्था के अधीन आने वाले वितरक शाखा 24 से 6 ग्राम टेकारी , कुंडा , कठिया , सोनभट्ठा , अमेरी व सकरी के तकरीबन 3000 हजार एकड़ खेत को खरीफ सिंचाई हेतु पानी मिलता है । सिंचाई पानी पाने वाले इन ग्रामों में से टेकारी का रकबा शेष ग्रामों के रकबे के बराबर है । लगभग 7 साल पहले इस नहर नाली के रिमाडलिग व लाइनिंग का काम शासन द्वारा कराया गया था । टेकारी के अनुभवी ग्रामीणों ने निर्माण के दौरान ही टेकारी में सिंचाई पानी की दिक्कत आने की संभावना व्यक्त की थी जिसे तत्कालीन अधिकारियों ने अनदेखा कर निर्माण कार्य करा दिया था । निर्माण के बाद पहली सिंचाई पानी आते ही ग्रामीणों की आंशका सही साबित हुयी और तकनीकी कारणों से पर्याप्त सिंचाई पानी मिलने में दिक्कत शुरू हो चला । ध्यानाकर्षण पर मौजूदा अधिकारीगण स्थायी हल निकालने ?का आश्वासन दे खरीफ सिंचाई के लिये फौरी अस्थायी व्यवस्था कर पानी पहुंचाते रहे पर इस प्रयास में पूरे सिंचाई के दौरान टेकारी के किसानों को नहर नाली की सतत् चौकसी के साथ रतजगा करना पड़ता है। एक अनुविभागीय अधिकारी सारस्वत ने पूरे सिंचाई के दौरान लगातार निरीक्षण कर इस समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया था।


## अतिशीघ्र आवश्यकता है

एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए
अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के
एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा


क्रेडा द्वारा अब तक कुल 1 हजार 694 नग सोलर पंप स्थापित

# सौर सुजला योजना से किसानों की बढ़ रही आय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** सिंचाई हेतु सोलर पंप स्थापित कर किसान अपनी आय दुगुनी कर रहें है। किसानों की जागरूता के कारण अब कोई भी ग्राम सोलर पंप स्थापना से वंचित नहीं रहा है। सोलर पंप स्थापना से कृषकों के आय में दोगुना बढ़ोतरी होने के साथ कृषकों द्वारा लगातार सोलर पंप स्थापना हेतु मांग की जा रही है। क्रेडा द्वारा अब तक कुल 1 हजार 694 नग पंप स्थापित किये जा चुके है। किसानों के साथ-साथ गौठान एवं चारागाहों में भी सोलर पंप स्थापित किये जा रहे हैं। कई ऐसे ग्राम हैं जहां पर 15-20 नग पंप स्थापित हैं। राज्य शासन द्वारा 'सौर सुजला' योजना अंतर्गत स्थापित की जाने वाली सोलर पंप का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। सोलर पंप के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भू-जल के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने कहा कि सौर सुजला योजना से किसानों को बड़ी राहत मिली है और वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रहे हैं। किसानों को विद्युत हेतु किसी भी प्रकार का बिजली बिल नहीं देना पड़ रहा है, जिससे किसानों को अनावश्यक खर्चों से मुक्ति मिली है। सोलर पंप स्थापना से शासन के करोड़ों रूपए की बिजली की बचत हो रही है व जमीन के दोहन, कोयला की बचत एवं कोयले के जलने से उत्सर्जित होने वाले कॉर्बन डाईऑक्साईड व धुंए से मुक्ति मिल रही है।

मानपुर विकासखण्ड के ग्राम मुंजाल ऊपरपारा के किसान श्री धनीराम ने अपने खेत में सोलर पंप स्थापित किया है। श्री धनीराम ने बताया कि उनके खेत में 3 एचपी क्षमता के सोलर पंप स्थापित है जहा पर लगभग 3-5 एकड़ जमीन है। पहले सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण मानसून निर्भर रहते थे तथा समय पर वर्षा नहीं होने के कारण फसल बर्बाद हो जाता था। पहले कुल जमीन से लगभग आय 10 से 15 हजार होती थी। सोलर पंप लगने के बाद उसी खेत में अब सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था होने से 1 लाख रूपए के धान का उत्पादन हो रहा है। धान की फसल कटने के बाद 3 एकड़ में भुट्टा लगाते है, जिससे 1 लाख 50 हजार रूपए की अतिरिक्त आय होती है।

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम आड़ेझर (बोइरडीह) के किसान श्री सोनसाय ने बताया कि उनके खेत में 3 एचपी क्षमता के सोलर पंप स्थापित किया गया है। पहले धान पैदावार कर आय 15 हजार रूपए तक होती थी। सोलर पंप लगने के बाद धान के साथ-साथ सब्जी, भाजी उत्पादन कर कुल आय 1 लाख 50 हजार रूपए तक हो रही है। उन्होंने बताया कि अपने खेत के साथ-साथ पास में लगे हुये अपने परिवारों के खेतों हेतु पानी देता हुं तथा वह लोग भी धान की फसल कटने के बाद। गेहूं, चना, सब्जी जैसे भटा, गोभी, बरबट्टी, टमाटर आदि उत्पादन करते है जिसमें उनको भी अतिरिक्त लगभग 40 से 50 हजार रूपये की आय होती है।


## आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766



BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# शिवसैनिकों ने निकाली रामनवमी शोभायात्राः एक से बढ़कर एक झांकियां बनीं लोगों के आकर्षण का केंद्र

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शनिवार की देर शाम शिवसेना ने शोभायात्रा निकाली, जिससे पूरा शहर भक्ति के रंग में डूब गया। ये शोभायात्रा रामनवमी के अवसर पर निकाली गई। इस शोभायात्रा की खास बात ये थी कि इसमें राज्य के अलग-अलग जिलों से शिवसैनिकों ने हिस्सा लिया। इस शोभायात्रा में करीब 2 दर्जन से अधिक की संख्या में डीजे और धुमाल की व्यवस्था की गई थी।

## भक्तिमय गानों पर झूमते दिखाई दिए लोग



रामनवमी शोभायात्रा रायपुर के फूल चौक से निकाली गई। शोभायात्रा में अलग-अलग तरह की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इन झांकियों की चमचमाती लाइटिंग और डीजे की धुन ने आयोजन को भव्य बना दिया। शोभायात्रा के आगे राम भक्त हनुमान की जीवंत झांकी चल रही थी। उनके पीछे भगवान श्रीराम की झांकी थी।

### इस बार की झांकी में प्रदेश भर के कई जिलों से भारी संख्या में शिवसैनिक पहुंचे

शिवसेना हर साल रामनवमी के अवसर पर शहर में बड़े आयोजन करती है। इस बार की झांकी में प्रदेश भर के कई जिलों से भारी संख्या में शिवसैनिक पहुंचे थे। उन्होंने हाथों में शिवसेना लिखा हुआ भगवा झंडा थामा था। जिसे लहराते हुए वे भक्तिमय गानों पर झूमते दिखाई दिए। जय श्रीराम के नारे लगाती लोगों की भीड़ शोभायात्रा में शामिल हुई। इसमें भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

### भक्तिमय गानों पर झूमते दिखाई दिए शिवसैनिक

इसमें कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार समेत रायपुर जिला अध्यक्ष एचएन पालीवार और कई अन्य नेताओं ने सभी रामभक्तों का स्वागत किया। शोभायात्रा शाम करीब 7 बजे फूल चौक से प्रारंभ हुई, जो आगे बढ़कर जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सदर बाजार से होते हुए आजाद चौक पर जाकर समाप्त हुई। झांकी निकलने के दौरान ऑफिस से लौट रहे लोग परेशान नजर आए। कई जगह पर जाम की स्थिति बनी। बाजार बंद होने के बाद व्यवसाय से जुड़े लोग ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। रायपुर का ट्रैफिक अमला लोगों को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट करने की कोशिश करता दिखा। उसके बावजूद शहर में ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे।

## खास खबर...



### रिटायर्ड डीजी डीएम अवस्थी बने ओएसडी

**रायपुर (ए)।** रिटायर्ड डीजी डीएम अवस्थी को राज्य सरकार ने संविदा नियुक्ति दी है। अवस्थी के रिटायरमेंट की शाम ही सरकार ने उनकी संविदा नियुक्ति पर मुहर लगा दी थी। अब उनकी संविदा नियुक्ति का आदेश भी जारी हो गया है। आईपीएस अवस्थी को ओएसडी बनाया गया है हालांकि उनकी जिम्मेदारी क्या होगी, इसे लेकर राज्य सरकार अलग से आदेश जारी करेगी। अवस्थी को अभी सिर्फ संविदा नियुक्ति का आदेश जारी हुआ है। उन्हें ओएसडी बनाया गया है। उन्हें ओएसडी के रूप में दायित्व क्या मिलेगा, इसका आदेश अलग से निकलेगा। वैसे अवस्थी को ईओडब्ल्यू, एसीबी में ही पोस्टिंग की जाएगी, ऐसी खबर है। 1986 बैच के आईपीएस अवस्थी तीन साल डीजीपी रहे। रिटायरमेंट के पूर्व वो एसीबी-ईओडब्ल्यू में पोस्टेड थे। लिहाजा, ये उम्मीद है कि रिटायरमेंट के बाद भी वो एसीबी-ईओडब्ल्यू में ही बने रह सकते हैं।

### आर्थिक सामाजिक न्याय कांग्रेस सरकार की पहली प्राथमिकता, प्रदेशव्यापी सर्वेक्षण का स्वागत है: मोहन मरकाम

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में शुरू हुए प्रदेशव्यापी सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि सामाजिक न्याय कांग्रेस सरकार की पहली प्राथमिकता है। देश में हर 10 वर्ष के अंतराल में आम जनगणना की व्यवस्था रही है, लेकिन मोदी सरकार देश की पहली और इकलौती सरकार है जो अपनी नाकामी पर पर्दा डालने इरादतन, षडयंत्र पूर्वक आंकड़े छुपाने का काम कर रही है और इसी के चलते राष्ट्रीय जनगणना की अपनी जिम्मेदारियों से केंद्र की मोदी सरकार भाग रही है।

केवल जनगणना ही नहीं एनएसएसओ सहित तमाम केंद्रीय एजेंसियां विगत 9 वर्षों से मोदी सरकार के कुशासन पर पर्दा डालने, केंद्र सरकार के दबाव में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, असमानता, वर्तमान आर्थिक नीतियों की जमीनी हकीकत और वास्तविक स्थिति को लेकर तमाम आंकड़े जारी करना बंद कर दिया है। उज्जवला योजना और शौचालय भी केवल सरकारी आंकड़ों में दर्ज है। उज्ज्वला योजना के हितग्राहीयों में से 90 प्रतिशत रिफिल कराने में अक्षम हैं। पीएम आवास के मामले में भी भाजपा का दावा पूरी तरह से झूठा निकला। विधानसभा में दिए गए लिखित आंकड़ों में यह प्रमाणित हुआ है कि छत्तीसगढ के लिए अब तक स्वीकृत कुल 18 लाख आवास में से पूर्ववर्ती रमन सरकार ने केवल 237000 आवास बनाए थे, वर्तमान भूपेश बघेल सरकार ने विगत 4 वर्षों में छत्तीसगढ़ में 13 लाख आवास बनाएं हैं।

जनता को पंसद आया ऑनलाइन पेमेंट मोड

## एक दिन में निगम की 2 करोड़ से ज्यादा की वसूली, पहले 3 लाख 20 हजार रसीदें छपती थी

**रायपुर (ए)।** राजधानी की जनता को ऑनलाइन टैक्स पेमेंट करना काफी पसंद आ रहा है। रायपुर नगर निगम ने फाइनेंशियल ईयर एंडिंग के आखरी दिन 31 मार्च को एक ही दिन में 2 करोड़ 20 लाख 97 हजार 334 रुपए की टैक्स वसूली की है। लोगों ने निगम कर्मचारियों के पास जाकर POS मशीनों के साथ ही ऑनलाइन पोर्टल और मोर रायपुर एप पर जाकर प्रॉपर्टी टैक्स जमा किया है।

निगम अधिकारियों ने बताया कि 2 साल पहले तक रायपुर नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के लिए 1600 रसीद बुक छापी जाती थी। हर रसीद बुक में पावती और कार्यालय कॉपी के रूप में 200 पन्ने हुआ करते थे। यानी कुल 3 लाख 20 हजार रसीदें छापी जाती थी। 2 साल पहले ही टैक्स जमा करने के लिए निगम के राजस्व विभाग को POS मशीनें दी गई।

इस मशीन में टैक्स जमा करने वाले करदाता का विवरण डालकर जमा करने का काम शुरू किया गया। साथ ही छोटी सी रसीद भी दी जाने लगी। इसके बाद ऑनलाइन पोर्टल और मोर रायपुर एप के जरिए भी टैक्स पटाने की सुविधा दी गई। जनता को यह ऑनलाइन मोड बहुत पसंद आया और ज्यादातर लोगों ने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान ऑनलाइन ही किया। कुछ नागरिकों ने पिछले साल की तरह ऑफलाइन रसीदों की मांग की जिसमें 2 साल पहले की बची 300 रसीद बुकों में एक की भी इस साल जरूरत नहीं पड़ी।



### टैक्स जमा करने की तारीख नहीं बढ़ी, पेनल्टी के साथ भरना होगा टैक्स

रायपुर नगर निगम ने बगैर पेनल्टी के साथ टैक्स जमा करने की तारीख नहीं बढ़ाई है। 1 अप्रैल से ही पेनल्टी के साथ टैक्स वसूली शुरू हो गई है। नगर निगम ने अब तक लगभग 210 करोड़ रुपए की वसूली की है। पेनल्टी के साथ यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। 31 मार्च को उम्मीद की जा रही थी कि प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की तारीख बढ़ाई जा सकती है। लेकिन इस बारे में नगर निगम द्वारा कोई सूचना जारी नहीं की गई। और अब पेनल्टी के साथ ही टैक्स लिया जा रहा है।

## आरके टैलेंट रनवे सीजन 2 का ऑडिशन, बच्चों ने दिखाया टैलेंट

**रायपुर (ए)।** राज्य स्तरीय आरके टैलेंट रनवे सीजन 2 का रायपुर ऑडिशन शनिवार को खाटू श्याम मन्दिर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता का फाइनल जून में होगा। इसके पहले छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में ऑडिशन लिया जा रहा है।

आरके किड्स टैलेंट रनवे के विषय मे आयोजक कविता सोनी ने बताया कि हमारे आयोजन का यह दूसरा सीजन है, जिसके लिए ऑडिशन राउंड चल रहा है। रायपुर का ऑडिशन खाटू श्याम मन्दिर में लिया गया। इसमें बहुत सारे बच्चे शामिल हो रहे है। बच्चों के लिए तीन आयु वर्ग में ऑडिशन लिया जा रहा है।

पहला 3 से 6 वर्ष, दूसरा 6 से 11 वर्ष और तीसरा 12 से 16 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के लिए है। फैशन, डांसिंग, सिंगिंग व एक्टिंग के टैलेंट रनवे में बच्चे शामिल हो सकते हैं। रायपुर ऑडिशन में बहुत सारे बच्चों ने ऑडिशन दिया है। विभिन्न शहरों में ऑडिशन में शामिल बच्चों के प्रदर्शन के आधार पर जजों के निर्णय अनुसार प्रतिभागी बच्चों का फाइनल जून 2023 में होगा।




## पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड में बृजमोहन ने किया 5 करोड़ के सड़क डामरीकरण का शुभारंभ

**रायपुर (ए)।** रायपुर दक्षिण विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड क्र 42 में 5 करोड़ 66 लाख के 21 सड़कों के डामरीकरण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें विधायक बनाया हैं उस भरोसे पर खरा उतरते हुए विकास के क्रम को जारी रखे हुए हैं। आज हम विपक्ष में हैं बावजूद हमें पता है कि जनता के हित में कैसे काम कराना है।

इस अवसर पर सुंदर नगर चौक में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग के माध्यम से 1 करोड़ 10 लाख की लागत से रिंग रोड से लेकर लाखे नगर चौक तक का डामरीकरण। 4 करोड़ 56 लाख की लागत से गांधी नगर, अश्वनी नगर, हनुमान नगर, चन्द्रशेखर नगर, भीम नगर, सुंदर नगर, मैत्री नगर, ओम सोसायटी क्षेत्र के 13 किलोमीटर सड़को का डामरीकरण होगा।

इस अवसर पर पार्षद मृत्युंजय दुबे,मंडल भाजपा अध्यक्ष महेश शर्मा, सरिता दुबे, हरीवल्लभ अग्रवाल, मनीषा चंद्राकर, यादराम साहू, संजू नारायण सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, चूड़ामणि निर्मलकर, सुमित शर्मा, तरल सोलंकी, रतिकांत साहू, आकाश शर्मा।




## असहाय बच्चों की सेवा ईश्वर की पूजा से भी बड़ी : बृजमोहन अग्रवाल

### माना कैंप में खुला आश्रय बालक गृह का शुभारंभ

**रायपुर (ए)।** महिला-बाल विकास विभाग द्वारा वित्त पोषित खुला आश्रय गृह बालक का शुभारंभ माना कैम्प प्राथमिक शाला परिसर में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा, रायपुर दक्षिण के विधायक पूर्व केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, नगर पंचायत माना कैम्प के अध्यक्ष संजय यादव एवं जैतू साव मठ रायपुर के सचिव महेंद्र अग्रवाल की उपस्थिति में फीता काटकर औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया।



मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वालित करने के उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत परिषद के पदाधिकारियों ने किया। स्वागत उदबोधन महासचिव डॉ अशोक त्रिपाठी एवं परिषद की जानकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रेश शाह ने दिया।

अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों एवं समाज के अन्य लोगों से भी आर्थिक सहयोग की अपील करते हुए आगे भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। बृजमोहन अग्रवाल ने असहाय बच्चों की सेवा को ही ईश्वर की पूजा से बड़ा बताया। खुला आश्रय के माध्यम से घुमंतू बच्चों को भी समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए आने वाले समय मे और विस्तार पर जोर दिया और परिषद द्वारा संचालित स्पीच थेरेपी सेंटर को प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाने के लिए और प्रयास करने पर जोर दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष संजय यादव ने माना में खुला आश्रय खोलने के लिए परिषद का आभार व्यक्त करने के साथ मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा सहयोग करने के लिए आश्वस्त किये। खुला आश्रय गृह बालक का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा किया जाएगा जिसमे 25 बच्चों के रहने की सुविधा होगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांदावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# ओवर साइज टीशर्ट पहनकर सुरभि चंदना ने बिखेरा हुस्न का जलवा




एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने ओवर साइज टीशर्ट पहन रखी हैं, जो उनकी बोल्डनेस को और बढ़ा रही हैं। वहीं, इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने बेहद ही सिजलिंग पोज दिए, जिन्हें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। व्हाइट कलर की ओवर साइज टीशर्ट में एक्ट्रेस सुरभि चंदना गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लॉन्ग बूट के साथ एक्ट्रेस ने बड़े ईयरिंग्स के साथ कई स्टनिंग पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने उन्हें पैंट न पहनने को लेकर ट्रोल भी किया, यूजर्स बोले- पैसे क्या खत्म हो गए थे दीदी

इश्कबाज से फेम पाने वाली एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपने हुस्न का जादू फैंस पर चलाना बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों को घायल करती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुरभि चंदना ने इश्कबाज, नागिन, संजीवनी और शेरदिल शेरगिल जैसे टीवी शोज में काम किया है। एक्ट्रेस सुरभि चंदना को इश्कबाज और शेरदिल शेरगिल से काफी पहचान मिली। सुरभि चंदना की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन-फॉलोइंग है, उनके इंस्टाग्राम पर 5.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपनी निजी और प्रोफेशनल पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस सुरभि चंदना की तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं।

# गर्मियों के दौरान फलों से बनाकर पीएं ये 5 पेय, आसान हैं इनकी रेसिपी



आजकल मार्केट में फलों युक्त पेय उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें मौजूद अतिरिक्त चीनी और आर्टिफिशियल सामग्रियां स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में मार्केट की बजाय घर में बनाए गए पेय का सेवन करना सेहत के लिए ज्यादा अच्छा है क्योंकि उन्हें आप अपनी पसंद अनुसार बना सकते हैं। आइए आज हम आपको गर्मियों के लिए फलों से बनाई जाने वाली 5 पेय की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें घर पर बनाना आसान है।

### अंगूर लेमनेड

सामग्रियां: लाल अंगूर का पेस्ट, 2 बड़ी चम्मच पिसी हुई चीनी, आधा छोटी चम्मच काला नमक, आधा छोटी चम्मच भुना जीरा पाउडर, आधा छोटी चम्मच काली मिर्च पाउडर, 3 बड़ी चम्मच नींबू का रस और सोडा। रेसिपी: सबसे पहले सारी सामग्रियों को एक जार में डालकर अच्छे से मिलाएं और फिर इसमें कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें। बता दें कि लाल अंगूर का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है।

### स्ट्रॉबेरी और गुलाब की लस्सी

सामग्रियां: 5-6 स्ट्रॉबेरी, 2 बड़ी चम्मच दानेदार चीनी (अगर स्ट्रॉबेरी बहुत मीठी है या आप कम मीठे वाले पेय पसंद करते हैं तो चीनी का कम उपयोग करें), 1 छोटी चम्मच इलायची पाउडर, 1 छोटी चम्मच गुलाब शरबत और दूध लें। रेसिपी: सबसे पहले स्ट्रॉबेरी, दूध, बर्फ के टुकड़े और चीनी को एक ब्लेंडर में डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। अब इसी ब्लेंडर में बाकि सामग्रियां डालकर भी ब्लेंड करें और फिर सर्व करें।

### गुड़ वाला आम पन्ना

सामग्रियां: 3-4 उबाले हुए कच्चे आम, थोड़ा पुदीने का पाउडर, स्वादानुसार काला नमक, 7-8 चम्मच गुड़ का पाउडर, थोड़ा-सा भुना हुआ जीरा पाउडर। रेसिपी: सबसे पहले एक जार में कच्चे आम के गूदे और पानी को डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इसमें बाकि सारी सामग्रियां मिलाएं और कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर इसे पेय को परोसें। आम पन्ना कच्चे आम का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

### शिकंजी

सामग्रियां: ठंडा पानी, स्वादानुसार शुगर सीरप, 3-4 नींबू का रस, 1 छोटी चम्मच काला नमक, 1 छोटी चम्मच भुना जीरा पाउडर और 1 छोटी चम्मच काला नमक। रेसिपी: सबसे पहले जार में सारी सामग्रियों को डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को छानकर गिलास में बर्फ के कुछ टुकड़ों के साथ डालकर सर्व करें। शिकंजी का सेवन न सिर्फ शरीर को ठंडक प्रदान करने में सहायक है, बल्कि यह इम्यूनिटी को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है।

### स्ट्रॉबेरी लस्सी

सामग्रियां: 250 ग्राम स्ट्रॉबेरी, 250 मिली नारियल का दूध और 300 ग्राम दही लें। रेसिपी: सबसे पहले स्ट्रॉबेरी को धोकर इसका डंठल काट लें। अब सभी सामग्रियों को ब्लेंडर में डालकर इसे अच्छे से ब्लेंड करें। इसके बाद इसे एक गिलास में डालें और इसके ऊपर ताजा स्ट्रॉबेरी गार्निश करके इसका सेवन करें। डाइट में स्ट्रॉबेरी को शामिल करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिल सकते हैं।

# सोशल मीडिया पर ज्यादा फॉलोइंग ज्यादा कामः बेबिका धुर्वे

भाग्य लक्ष्मी एक्ट्रेस बेबिका धुर्वे ने सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स होने से कैसे अच्छा काम पाने में मदद मिलती है, इस पर अपने विचार रखे हैं। बेबिका ने कहा है कि उद्योग में कई अभिनेता अपने प्रशंसकों के आधार पर अवसर तलाश रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि यह एकमात्र मानदंड है, प्रतिभा भी मायने रखती है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस बात से सहमत हैं कि सोशल मीडिया पर अच्छे फॉलोअर्स होने पर अभिनेताओं को अच्छा काम मिलता है, बेबिका ने कहा: हां, अभिनेता जिसने पहले से ही सोशल प्लेटफॉर्म पर अच्छा प्रशंसक आधार बना लिया है, उससे अच्छे प्रोजेक्ट्स के लिए संपर्क किया जाता है क्योंकि यह परियोजना के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया और अच्छी दर्शकों की संख्या भी सुनिश्चित करता है और इसके लिए निर्माताओं द्वारा भी बहुत अच्छी तरह से निर्णय लिए जाते हैं। वह एक ऐसी हस्ती को चुनते हैं जिसके पास मजबूत प्रशंसक आधार है और इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बड़ी संख्या है। इंस्टाग्राम अब अभिनेताओं के लिए लिंक्डइन बन गया है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स के साथ उद्योग में 80 प्रतिशत अभिनेताओं को अधिक संख्या में प्रोजेक्ट मिलते हैं। हालांकि, मेरे पास बड़ी संख्या में फॉलोअर्स नहीं हैं, लेकिन फिर भी मैं प्रयास कर रही हूं। तो यह एक मिथ है कि अगर अभिनेता के कम फॉलोअर्स हैं, तो उसके पास काम नहीं होगा, क्योंकि जब भी मुझे किसी प्रोजेक्ट से रिजेक्ट किया गया है, तो यह ज्यादातर मेरे शरीर के वजन के कारण होता है, मेरे फॉलोअर्स के कारण नहीं। यह पूछे जाने पर कि क्या वास्तविक प्रतिभा को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि मुख्य ध्यान फॉलोअर्स की संख्या पर होता है, उन्होंने जवाब दिया: असली प्रतिभा को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है, इन दिनों फॉलोअर्स पर मुख्य ध्यान दिया जाता है, मैंने अपने आसपास कुछ वास्तविक जीवन के परिदृश्य देखे हैं। जब मैं सेट पर बैठती हूं और अपने आसपास के अभिनेताओं को देखती हूं, तो मैं लगातार सभी का विश्लेषण करने की कोशिश करती हूं और उनकी यात्रा के बारे में जानने की कोशिश करती हूं।

# तैलीय त्वचा के लिए घर पर बनाएं ये 5 फेस क्लींजर, मिलेगा भरपूर लाभ

**प्रतिदिन हमारी त्वचा गंदगी, धूल, धूप और कठोर रसायनों के संपर्क में आती है और इन चीजों से तैलीय प्रकार की त्वचा सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। ऐसे में चेहरे की सफाई के लिए उन फेस क्लींजर को चुनना करना चाहिए, जो त्वचा से अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को हटाकर उसे कोमल और चमकदार बना सके। आइए आज हम तैलीय त्वचा के लिए लाभादायक साबित होने वाले 5 फेस क्लींजर बनाने के तरीके बताते हैं।**



### बतौर फेस क्लींजर इस्तेमाल करें जैतून का तेल

तैलीय त्वचा के लिए जैतून का तेल सबसे अच्छे क्लींजर में से एक है। यह त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित बनाए रखकर चेहरे के भीतर से अशुद्धियों को बाहर निकालने में बेहद मददगार है। यह त्वचा को पोषण भी प्रदान करता है। लाभ के लिए हथेली में थोड़ा-सा जैतून का तेल लेकर अपने चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में अच्छी तरह मसाज करें। कुछ मिनट के बाद गर्म पानी में भीगे तौलिए से चेहरे को पोंछ लें।

### शहद और नींबू का फेस क्लींजर

शहद और नींबू तैलीय त्वचा के लिए एक बेहतरीन संयोजन हैं। नींबू का साइट्रिक एसिड इसे एक आदर्श क्लींजिंग एजेंट बनाता है तो शहद त्वचा को पोषण और हाइड्रेट करता है। लाभ के लिए शहद और नींबू का रस मिलाकर इस मिश्रण को चेहरे पर लगाए और फिर 1 या 2 मिनट तक मसाज करें। 10 मिनट के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। ध्यान रखें कि चेहरे पर सिर्फ नींबू का रस नहीं लगाना चाहिए।

### खीरे और टमाटर का फेस क्लींजर

खीरा और टमाटर का मिश्रण एक बेहतरीन क्लींजिंग एजेंट के रूप में काम करता है। टमाटर गंदगी और जमी हुई मैल को साफ करता है, जबकि खीरा चेहरे को अतिरिक्त ताजगी प्रदान करता है। लाभ के लिए खीरे के पेस्ट और टमाटर के रस को एकसाथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के बाद चेहरे को पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे पर सीरम लगाएं।

### सेब का सिरका आएगा काम

सेब के सिरके में मैलिक एसिड जैसे एक्सफोलिएंट्स होते हैं, जो त्वचा की कोशिकाओं की गंदी, मृत और सुस्त परत को हटाने में मदद कर सकते हैं। इसकी हल्की एसिडिक प्रकृति अतिरिक्त तेल को भी अवशोषित करती है। लाभ के लिए सिरके को पानी मिलाएं और फिर रूई से मिश्रण को पूरे चेहरे पर लगाएं। अब चेहरे को ठंडे पानी से धो लें और तौलिए से थपथपाकर सुखाएं। इसके बाद मॉइस्चराइजर या कुछ जोजोबा तेल लगाना न भूलें।

### बेसन और हल्दी से बनाएं फेस क्लींजर

बेसन और हल्दी का मिश्रण चेहरे पर मौजूद अशुद्धियों, गंदगी और अतिरिक्त तेल को सोख लेता है। इसके अतिरिक्त, यह त्वचा को एक्सफोलिएट भी करता है। लाभ के लिए आधे कप बेसन में 1/4 कप मूंग दाल पाउडर और 1 छोटी चम्मच हल्दी पाउडर को मिलाकर एक कंटेनर में रख लें। इसके इस्तेमाल के लिए पहले चेहरे को गीला करें, फिर इस मिश्रण का 1 चम्मच लेकर चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरा धो लें।

# एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में टाइपकास्ट होने की बात पर खुलकर बोलीं पूजा डे



रियलिटी शो 'डेटिंग इन द डार्क' से अपनी शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस पूजा डे को आगे कामुक वेब सीरीज 'गंदी बात सीजन 5' में देखा गया, जिसमें उन्होंने एक समलैंगिक नंदिनी का किरदार निभाया था। एक्ट्रेस ने उस सीरीज के बाद एक बोल्ड जोन में टाइपकास्ट होने और उससे बाहर आने के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहा- हर कोई कितना भी नकार ले, लेकिन हां, हमारी इंडस्ट्री में 'टाइपकास्टिंग' तो होती ही रहती है। 'गंदी बात' के बाद, मुझे केवल बोल्ड और घटिया कंटेंट के ऑफर मिले। ऐसा नहीं था कि मैं बोल्ड शोज नहीं करना चाहती थी, लेकिन मुख्य पैरामीटर, जो कि कहानी है, उन प्रोजेक्ट्स से गायब था। मुझे अच्छी खासी रकम भी मिल रही थी, लेकिन मैं ऐसा किरदार या प्रोजेक्ट कैसे कर सकती हूं जो मुझे सही नहीं लगते? एक्ट्रेस ने कहा, मैं उस प्रोजेक्ट के बाद एक तरह से टाइपकास्ट हो गयी और इससे बाहर आना वाकई मुश्किल था। मैंने इसके कारण अपने करियर में बहुत समय गंवाया। एक एक्टर होने के नाते, मैं खुद को करेक्टर या कंटेंट के साथ खोजते और प्रयोग करते देखना चाहती हूं। मैं किरदार के एक ही जोन में नहीं रह सकती और एक जैसे प्रोजेक्ट नहीं कर सकती। मेरे लिए 'नयापन' एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुझे बोल्ड किरदार निभाने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन उन्हें प्रामाणिक और वैध दिखना चाहिए। कहानी दमदार होनी चाहिए और मेरा किरदार दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने में सक्षम होना चाहिए।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.

रामा कोचिंग

135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स

आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां

उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई

9827938211, 9827171332

## खास खबर

### निगम की वार्षिक बजट : चौराहे और उद्यान को मिलेगा माता कर्मा का नाम

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा 31 मार्च को वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जिसमें राता खार डबल पुल के पास के चौक को माता कर्मा चौक के नाम से नामकरण किया गया एवं बालकों परसा भाटा वार्ड क्रमांक 40 में निर्माणाधीन उद्यान का नाम माता कर्मा के नाम से नामांकित किए जाने जिला साहू संघ ने खुशी जताते हुए महापौरए सभापति का आभार व्यक्त किया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष गिरिजा साहू ने नगर निगम मनोनीत समस्त पार्षद गण एवं समस्त एल्डरमेन का आभार जताते हुए कहा कि साहू समाज की आराध्य कुल देवी माता कर्मा का नामकरण किए जाने से समाज के लोगों का सम्मान बढ़ा है जिससे सभी सजातीय बंधुओं में हर्ष व्याप्त है। कोरबा जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष गिरिजा साहू ने समाज ने महापौर, पार्षद एवं एल्डरमैन समेत सभी गणमान्य जनों हृदय से आभार जताया। दीपका चौक में गिरजा साहू के नेतृत्व में घनश्याम साहू, दिनेश साहू, जवाहर साहू, श्रीराम साहू ने हर्ष मनाते हुए फ्टाखे फोड़े।

### भक्त माता कर्मा की महाआरती किया गया

**नगरी।** तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के द्वारा साहू सदन नगरी में भक्त माता कर्मा की महाआरती किया गया। जिसमें पुनीत राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी,अनराज साहू उपाध्यक्ष, सहदेव राम साहू संरक्षक, सुभाष चंद साहू महासचिव, पेमन्त कुमार साहू सचिव, संचालक मंडल अध्यक्ष बृजलाल साहू सचिव भरत लाल साहू,परि.अध्यक्ष गण, मनहरण साहू फरसियाँ, राजकुमार साहू नगरी, सुरेश कुमार साहू घठुला, मनीराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रिय साहू समाज बेलरगांव, लक्ष्मण साहू बिरगुड़ी, लालसिंह साहू सिरसिदा, लेखराम साहू सचिव परि0 परसापानी एवं सामाजिक जन सम्मिलित हुए।

### दादाबाड़ा में यज्ञस्थल बनकर तैयार, डोम निर्माण की हो रही तैयारी

**महासमुंद।** शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से 10 अप्रैल तक श्री मारूति महायज्ञ को लेकर जोरशोर से तैयारी की जा रही है। यज्ञस्थल के साथ ही राम कुटी व शिव कुटी बनकर तैयार हो गया है। वहीं प्रवचन के लिए डोम का निर्माण कराया जा रहा है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने श्री मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद के सदस्यों के साथ आज शनिवार की सुबह यहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि श्री मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद के तत्वावधान में आगामी 6 अप्रैल को श्री हनुमान जी के जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर भी तैयारियां अंतिम चरणों में है। आज शनिवार को संसदीय सचिव व विधायक श्री चंदाकर ने समिति के सदस्यों के साथ यज्ञस्थल दादाबाड़ा में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। यहां आर्कषक तरीके से राम व शिव कुटी के साथ ही यज्ञस्थल का निर्माण कराया गया है। वहीं प्रवचन के लिए भव्य डोम बनाया जा रहा है। जल्द ही डोम बनकर तैयार हो जाएगा। शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से श्री मारूति महायज्ञ आयोजित है। कलश व जलयात्रा के साथ महायज्ञ का आगाज होगा। श्री मारूति महायज्ञ में मप्र जावरा के बालयोगी श्री विष्णु अरोड़ा मुख्य प्रवचनकर्ता होंगे। दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती, दोपहर दो बजे से चार बजे तक भजन कीर्तन, शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक प्रवचन व शाम सात बजे आरती का कार्यक्रम होगा।

# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 56 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से गुजरात की माणसा नगरपालिका के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब से भूपेन्द्र पटेल तक सबने गुजरात में विकास को सबसे ज्यादा अहमियत दी है और गुजरात को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की नींव डालने का काम किया है।





उन्होंने कहा कि उनके विद्यार्थी जीवन की शुरुआत में माणसा की समृद्ध लायब्रेरी ने बहुत बडा योगदान दिया है और इस लायब्रेरी ने अनेक लोगों के जीवन में उजाला बिखेरा है। श्री शाह ने कहा कि आज माणसा में कुल 56 करोड रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ है।

उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों में भूगर्भ सीवर गटर लाईन योजना और उसके साथ लगभग 22 करोड रूपए की लागत से चंद्रासण और अन्य तालाबों को जोड़कर उन्हें नर्मदा और गटर के साफ किए हुए पानी से भरकर सिंचाई और पर्यटनस्थल पर इस्तेमाल करने और जलस्तर को ऊपर लाने की एक अत्याधुनिक व्यवस्था करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्ति किया कि तय समयसीमा के अंदर माणसा के सभी तालाब पानी से भर जायेंगे और इसमें बोटिंग की व्यवस्था हो जाएगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछले 5 सालों में माणसा में 1182 करोड़ रुपये के काम गुजरात सरकार ने किए हैं। उन्होंने कहा कि इन कामों में 450 करोड़ रूपए की लागत से गांधीनगर को बीजापुर से जोड़ने वाली मीटरगेज रेल लाइन, 450 करोड़ रूपए की लागत से त्रिकोणीय क्षेत्र में 32 तालाबों से नर्मदा सिंचाई योजना का काम और 22 करोड़ रूपए की लागत से 12 तालाबों को जोड़ने का काम शामिल हैं, जिसका आज भूमिपूजन हुआ है। इनके अलावा 5 करोड़ रूपए की लागत से चंद्रासण तालाब के विकास का काम, 3 करोड़ रूपए से समो में शहीद स्मारक और ई-लायब्रेरी बनाने का काम, 32 करोड़ रूपए की लागत से माणसा के अलावा अन्य तालाबों को जोडने का काम भी हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां 9 करोड़ रूपए के खर्च से कॉलेज परिसर में खेलकूद के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना और 3 करोड़ रूपए के खर्च से अंबाजी में काली मां के ऐतिहासिक स्थान के संरक्षण का काम भी किया गया है। श्री शाह ने कहा कि 40 करोड़ रूपए के खर्च से माणसा-बालवा फोर-लेन रोड बनाने का काम, 26 करोड़ रूपए के खर्च से माणसा में गटर का काम, 7 करोड़ रूपए के खर्च से दो नए ओवरहेड टैंक और 3 करोड़ रूपए के खर्च से महुडी-अनोडिया-पुंद्रा रोड, माईनोर नहर बनाने का काम भी पिछले 5 सालों में किया गया है। उन्होंने कहा कि 70 करोड़ रूपए की लागत के स्वीकृत पुल और 60 करोड़ रूपए का कलोल-माणसा हाई-वे भी बनाया गया है। श्री शाह ने कहा कि कलोल-माणसा हाई—वे बन जाने के बाद 14 मिनट में माणसा से कलोल पहुंचा जा सकेगा, जिसमें पहले ढाई घंटे लगते थे।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात की भूपेन्द्र पटेल की सरकार ने 1182 करोड़ रूपए के विकास कार्य यहां किए हैं, जो माणसा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र को संपूर्ण विकास की ओर ले जाने के लिए राज्य सरकार ने कई प्रयास किए हैं। श्री शाह ने कहा कि माणसा शहर के आसपास कोई बडी नदी नहीं है और इसे देखते हुए लगभग 700 फुट गहरे चंद्रासण तालाब को रेनोवेट करने का काम किया गया है और इससे 13 अन्य तालाबों को जोड़ा गया है, जिससे माणसा में पानी की कमी की शिकायत पूरी तरह दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी कार्ययोजना बनाई गई है जिसके तहत 20 प्रतिशत गटर का शुद्ध किया हुआ पानी और 80 प्रतिशत नर्मदा नदी का पानी मिलाकर हर तालाब में कुएं बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के पूरा होने के बाद आसपास के खेती करने वाले सभी किसानों को सिंचाई की सुविधा हो जाएगी क्योंकि जलस्तर कम से कम 50 फुट ऊपर आ जायेगा।

# प्रदेश के तीन और अस्पतालों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र





श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले राज्य के तीन और स्वास्थ्य केन्द्रों को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने विगत फरवरी माह में इन तीनों अस्पतालों का निरीक्षण कर मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सरगुजा जिले के सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महासमुंद के कोमाखान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कोरबा के गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से नवाजा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम के मूल्यांकन में गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 89 प्रतिशत, कोमाखान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 85 प्रतिशत और सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 84 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

# मंत्री ने कृषि विभाग के मिलेट्स कप का किया शुभारंभ




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** मुख्य अतिथि राजस्व आपदा प्रबंधन,पंजीयन पुनर्वास एवं स्टाम्प मंत्री श्री जय सिंह अग्रवाल ने आज प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में कृषि विभाग अंतर्गत आयोजित किए जा रहे मिलेट्स कप खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए। कोरबा की पहचान एक औद्योगिक जिला के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी है। यहाँ उपलब्ध सुविधाओं और खेल मैदानों की वजह से ही खेल का माहौल अनुकूल है।

राजस्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने अपने घोषणाओं के अनुरूप कार्य किया। इससे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर भी खिलाड़ियों को मिल रहा है। श्री अग्रवाल ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित मिलेट्स कप से विभाग के साथ कोरबा का नाम बढ़ने की बात कहते हुए प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करने की बात कही।

इस अवसर पर नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद भी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री और महापौर ने मिलेट्स कैलेंडर, पोस्टर का विमोचन भी किया। उन्होंने मैदान में बल्लेबाजी और बॉलिंग कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी श्री मनोज कुमार चौहान संयुक्त संचालक और उप संचालक अजय अनन्त ने मिलेट्स के संबंध में जानकारी देते हुए इनके फायदे को बताया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। इस दौरान कृषि विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन 24 अप्रैल को संभावित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा प्रथत दीक्षांत समारोह का आयोजन 24 अप्रैल 2023 को बीआईटी, दुर्ग के ऑडिटोरियम में किया जाना प्रस्तावित है। 24 अप्रैल विष्वविद्यालय का स्थापना दिवस है तथा इस दिन विष्वविद्यालय की स्थापना का 08 वर्ष पूर्ण हो रहे है। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रथम दीक्षांत समारोह के आयोजन संबंधी बैठक विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने लेकर समस्त अधिकारियों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी।




कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप के अनुसार इस प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होने हेतु छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री, उच्च षिक्षा मंत्री, तथा दुर्ग संभाग से जुड़े गृहमंत्री, कृषिमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री, सांसदगण विधायकगण, तथा महापौर आदि जनपतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा हैं। जैसे ही माननीय मुख्यमंत्री महोदय तथा महामहिम राज्यपाल एवं अन्यगणमान्य जनप्रतिनिधियों की उक्त तिथि को उपलब्धता की सहमति प्राप्त होते ही दीक्षांत समारोह की आयोजन तिथि को अंतिम रूप दे दिया जायेगा।

डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रथम दीक्षांत समारोह में विष्वविद्यालय द्वारा लगभग 12 पीएचडी डिग्री प्रदान की जायेगी इसके अलावा विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं में प्राविण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न दानदाताओं द्वारा प्रदान किये गये स्वर्णपदकों से नवाजा जायेगा। अकादमिक विभाग के प्रभारी, डॉ. सुमीत अग्रवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीक्षांत समारोह में तीन वर्षों के मेरिट स्कॉलर्स को स्वर्णपदक एवं प्राविण्यता प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। इनमें 2020, 2021, तथा 2022 परीक्षा के सभी मेरिट स्कॉलर्स शामिल है। कुल मिलाकर इस दीक्षांत समारोह में 120 से अधिक स्वर्णपदक प्रदान किये जायेंगे। इनके अलावा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की विभिन्न कक्षाओं की डिग्री प्रदान करने हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय से अनुमति भी ली जायेगी। इस दीक्षांत समारोह में निकलने वाली शोभायात्रा में विष्वविद्यालय की कुलपति, गणमान्य अतिथि, कुलसचिव, कार्यपरिषद् एवं विद्यापरिषद् के सभी सम्मानीय सदस्य, विभिन्न संकायों के डीन, आदि शामिल होंगे।

विष्वविद्यालय की कुलपति सभी उपाधि एवं गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायेंगी। विष्वविद्यालय प्रषासन ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले सभी शोधछात्र-छात्राओं से आग्रह किया है कि वें विष्वविद्यालय के निर्धारित आवेदन पत्र में डिग्री प्राप्त करने हेतु दिनांक 05 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से आवेदन करें।

# सर्वे में हो सबकी सहभागिता, कोई परिवार छूटने न पाएं - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए आज 1 अप्रैल से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। कोरबा जिले में कलेक्टर संजीव कुमार झा के दिशानिर्देश में सभी विकासखण्डो में सर्वेक्षण टीम गाँव-गाँव जाकर घरों में सर्वे कर निर्धारित प्रपत्र और एप्प में जानकारी भर रही है।




कलेक्टर श्री झा ने एसडीएम और जनपद सीईओ के साथ जाकर स्वयं भी फील्ड में सर्वे कार्य को देखा और सर्वे कर रहे प्रगणकों को निर्देशित किया कि सर्वे में कोई भी परिवार छूटे न और सर्वे में सभी शामिल हो। सर्वे के दौरान मकानों का नम्बर ऑयल पेंट से मोटे अक्षरों में लिखा जाए ताकि यह जल्दी ही न मिटे। उन्होंने कहा कि सर्वे किए गए परिवार के मुखिया का फोटो मकान नम्बर के साथ लिया जाए। सर्वे प्रपत्र में मुखिया का हस्ताक्षर या अँगूठा अनिवार्यता लिया जाए। कलेक्टर श्री झा ने सर्वे कार्य में समय की बचत और ग्रामीणों की उपस्थिति के लिए गाँव में पहले से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों का मार्गदर्शन करते हुए ग्रामीणों की सहभागिता पर जोर दिया। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए इस सर्वे को महत्वपूर्ण बताया।

कलेक्टर श्री झा ने आज कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुदुरमाल, देवरमाल, कटबितला और उरगा में जाकर सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे सर्वे कार्य को बहुत ही सावधानी और गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वेक्षण की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की चूक न की जाए। कलेक्टर ने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का सर्वे कार्य में सहयोग लेने के निर्देश भी दिए।

ग्राम कटबितला में कलेक्टर ने सरपंच रामाधार कँवर से चर्चा करते हुए पंच और मितानिनों को इस कार्य में सहयोग देने तथा मुनादी के लिए कहा।उन्होंने प्रगणकों को कार्य में किसी तरह की परेशानी आने पर सुपरवाइजर या उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा की और सर्वे टीम के आने पर अपनी जानकारी साझा करने कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे, जनपद सीईओ श्री विकास चौधरी, डिप्टी कलेक्टर रुचि शार्दूल, बीईओ संजय अग्रवाल, तहसीलदार आदि उपस्थित थे। कलेक्टर के निर्देशन में जिले के सभी पाँच विकासखंड में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य अपर कलेक्टर, एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी सर्वे कार्य का निरीक्षण और मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रगणकों की टीम घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे सर्वे कार्य सावधानी से सम्पन्न कराये।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# गांजा तस्कर पकड़ाएः मुर्रा की बोरियों के बीच छिपा रखा था 700 किलो गांजा

### महासमुंद पुलिस की गिरफ्त में आए गांजा तस्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रास्ते बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी हो रही है। सीमावर्ती जिलों में लगातार गांजा तस्कर पकड़ा रहे हैं। इसी कड़ी में महासमुंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महासमुंध जिले की सिंघोड़ा पुलिस व साइबर टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 700 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर मुर्रा की बोरियों के बीच गांजा छिपाकर जा रहे थे। पुलिस ने गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जब्त गांजा की कीमत 1 करोड़ 40 लाख रुपए की बताई जा रही है। ओड़िशा सीमा से लगे होने के कारण महासमुंद जिले में अक्सर गांजा तस्करी के मामले सामने आते हैं। सीमा से लगे चेक पोस्ट पर पुलिस




चौकन्नी रहती है। इसबीच सिंघोड़ा पुलिस को माजदा ट्रक में गांजे की बड़ी खेप के तस्करी का इनपुट मिला था। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को रुकवाया। तलाशी लेने पर ट्रक में मुर्रा से भरी बोरियां रखी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने सघनता से जांच की तो बोरियों के बीच में गांजा मिला। पुलिस ने ट्रक से कुल 700 किलो गांजा व ट्रक को जब्त कर लिया है।

### मध्यप्रदेश जा रहा गांजा

पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मध्यप्रदेश के सतना जिले के निवासी कल्पनाथ डोहर (31) और राजाराम डोहर (35) को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने बताया कि वे गांजा मध्यप्रदेश ले जा रहे थे और वहीं पर पूरा माल खपाने की तैयारी थी। पुलिस के चकमा देने के लिए ही मुर्रा के बोरों के बीच छिपाकर ले जा रहे थे। हालांकि पुलिस को वे चकमा नहीं दे पाए।

# दो दिन कमरे से नहीं निकला बाहर, घरवालों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर लटक रही थी युवक की लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग जिले के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक ने घर पर अपने कमरे में फांसी लगाई। खास बात यह है कि युवक के खुदकुशी करने की जानकारी घरवालों को दो दिन बाद चली। सूचना मिलने पर पद्मनाभपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस को मौके पर किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार अटल आवास दुर्ग में रहने वाले शिव कुमार उर्फ छोटू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मृतक प्राइवेट जॉब करता है। युवक की अपने परिवार में किसी से नहीं बनती थी इसलिए वह अटल आवास के पहले माले में अकेले ही रहता था। 30 मार्च की रात को घर पहुंचने के बाद वह सीधे ऊपर अपने कमरे में सोने चला गया। दूसरे दिन वह नीचे नहीं आया तो उसकी मां बुलाने गई लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। शाम को भी उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद घर के अन्य लोगों ने पहुंचकर दरवाजा तोड़ो तो अंदर छोटू की लाश फंदे पर लटक रही थी। घर वालों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## खास-खबर



### पुरानी रंजिश को लेकर हत्या, जानलेवा हमला करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** पुलिस ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तिल्दा नेवरा थाना इलाके में घर में घुसकर बाप-बेटे पर जानलेवा हमला करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान आशु उईके, शुभम घोष उर्फ राजा, विकास घोष उर्फ सुभाष घोष, बलराम यादव उर्फ राजा और शिव कुमार उईके के रूप में की है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने ग्राम कुंदरू निवासी जितेन्द्र पाल और उसके नाबालिग आयुष पर अपने 6-7 साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को शुक्रवार रात को अंजाम दिया था। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आरोपियों ने कुछ दिन पूर्व दीपावली के समय जितेन्द्र पाल को ठेकेदारी करता है एक लाख रूपये दे देना नहीं तो जान से मारने की धमकी दी थी। ये घटना इलाके में रंगदारी और वर्चस्व की पुरानी रंजिश के चलते हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल 2 कार और 1 नग मोटर सायकल जब्त किया है और इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### पेड़ से लटकती हुई मिली लाश, क्षेत्र में सनसनी

**सूरजपुर (ए)।** जिले के बसदेई थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा में शनिवार को दोपहर में एक युवक की पेड़ से लटकती हुई लाश मिली। घटना की जानकारी जैसे ही घर वालों को मिली उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की पहचान नवापारा के ही बादल यादव उर्फ सूरज के रूप में हुई मृतक की उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है। परिजनो के मुताबिक 31 मार्च को युवक घर से रोज की तरह घूमने के लिए निकला था। तभी से युवक घर वापस नहीं आया था जिसकी शिकायत परिजनों द्वारा 1 अप्रैल को सुबह संबंधित पुलिस से की थी। परिजनों ने प्रेम प्रसंग का मामला बताया है परिजनों ने युवती द्वारा मृतक के ऊपर दबाव बनाने का आरोप लगाया गया। मृतक से उस युवती का पहले से पहचान रहा है रहा है युवती के द्वारा मामला सखी सेंटर तक ले जाया गया था। सूत्रों से पता चला की युवक-युवती 10 साल से प्रेम प्रसंग में थे सखी सेंटर में युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि हम लोगों ने मंदिर में शादी कर लिया है बाद मे युवक के द्वारा बहनों की शादी के बाद रखूंगा कहकर समझौता किया गया था।

# 6 माह के मासूम को घर से उठाकर शिवनाथ में फेंका, गोताखोरों ने निकला बच्चे का शव

### शिवनाथ नदी में मिला बच्चे का शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 6 माह के मासूम का शव शनिवार की सुबह शिवनाथ नदी में मिला है। गोताखोरों ने शव को निकाला और पुलिस को सूचना दी। जिस बच्चे का शव मिला उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट एक दिन पहले नगपुरा चौकी में दर्ज कराई गई थी। अज्ञात ने बच्चे को घर से उठाकर शिवनाथ नदी में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस



आरोपी की तलाश में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हिर्री निवासी दिलीप यादव ने अपने 6 माह का बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट नगपुरा थाने में दर्ज कराई थी। नगपुरा चौकी पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ 363 के तहत अपराध दर्ज किया गया। दरअसल दिलीप यादव की पत्नी मालती यादव डिलवरी के लिए नगपुरा अपने मायके आई थी। 30 मार्च की रात को सभी सो गए। आधी रात को मालती यादव उठी और लघुशंका के लिए गई। वापस लौटी तो देखा कि उसका 6 माह बच्चा गायब है।

इसके बाद शुक्रवार को दिनभर उसकी तलाश की जाती रही लेकिन कहीं नहीं मिला। इसके बाद थाने में रिपोर्ट लिखाई। इधर शनिवार की सुबह शिवनाथ नदी में बच्चे के शव मिलने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शिनाख्त लापता बच्चे के रूप में की। मासूम का अपहरण कर शिवनाथ नदी में फेंकने की इस घटना ने सनसनी फैला दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# चाकू दिखाकर धमका रहा था कालू, पुलिस ने दबोचा

**रायपुर (ए)।** चाकू की नोक पर दादागिरी और मारपीट करने वाले वैभव चौधरी ऊर्फ कालू को टिकरापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक धारदार चाकू भी बरामद किया गया है।

दरअसल प्रार्थी महेश अग्रवाल ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 31 मार्च को अपने दुकान का सामान छोडने के लिये नया बस स्टैंड भांठागांव गया था। सामान को बस में डालने के बाद वापस अपने दुकान आ रहा था तभी गेट नंबर 2 में पार्किंग में काम करने वाला वैभव चौधरी ऊर्फ कालू मिला जो प्रार्थी को दादागिरी करते हुये टिकट दिखा, मैं यहां का दादा हूं जिसको बुलाना है बुला लो कहकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर बेरिगेट में धकेल दिया जिससे प्रार्थी जमीन पर गिर गया तथा वहां से भागा तो उसके पीछे वैभव चौधरी अपने पास रखें धारदार चाकू को दिखाकर प्रार्थी को दौड़ाने लगा इसी दौरान आसपास के लोगों को आते देखकर वैभव चौधरी वहां से भाग गया। जिस पर आरोपी वैभव चौधरी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 153/23 धारा 294, 506, 323 भादवि. एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम ने घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपी वैभव चौधरी की पतासाजी शुरू की। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर घटना में संलिप्त आरोपी वैभव चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# दुर्ग में मोती माला के नाम पर करोड़ों की ठगी का मास्टरमाइंड वाराणसी से गिरफ्तार

**दुर्ग (ए)।** दुर्ग में कार्यालय खोल कर हजारों महिलाओं से ठगी करने वाले आरोपी सानू कुमार उर्फ कुमार सानू को दुर्ग पुलिस ने वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने महिलाओं को मोतीमाला का काम देकर कच्चा माल और रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर करोड़ों रुपए लिया और फिर अचानक भाग गया। आज आरोपी को लेकर पुलिस दुर्ग पहुंचेगी।

सीएसपी वैभव बैंकर के मुताबिक सानू कुमार इंदिरा मार्केट स्थित फ्रेम कमल कॉम्प्लेक्स में होमग्रोन कॉर्पोरेशन के नाम से ऑफिस खोला था। उसने नवंबर 2022 से लोगों को मोती माला का काम देना शुरू किया था।

सानू लोगों से सिक्योरिटी के



तौर पर 2500 रुपए जमा कराता था। इसके एवज में 3 किलो मोती माला पिरोने के लिए देता था। जब उसे मोतियों की माला बनाकर दिया जाता तो वो उस व्यक्ति को 3500 रुपए देता था। कुछ दिन तक उसने रकम दिया, और उसके लालच में 9 हजार से अधिक महिलाएं व लोग फंस गए। और सभी 2500-2500 रुपए जमा कर दिए। इसके बाद अचानक सानू 19 जनवरी 2023 की सुबह ऑफिस बंद करके भाग गया। जब लोगों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने वहां जमकर हंगामा किया और दुर्ग थाने में मामला दर्ज कराया था।

### लोगों ने लूट लिया था ऑफिस का सामान

जब मोतियों की माला जमा करने हितग्राही इंदिरा मार्केट स्थित ऑफिस पहुंचे और वहां ताला बंद देखा तो वो गुस्से में आग बबूला हो गए। उन्होंने कार्यालय का ताला तोड़कर वहां पर रखी कुर्सियां टेबल, लैपटॉप सहित अन्य सामानों को लूट लिया। इतना ही नहीं उन्होंने कार्यालय के बाहर लगे कांच को भी तोड़ डाला। बाद में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया था।

### रायपुर में साइबर हैकर गिरफ्तार

# स्टील कंपनी के अकाउंट को हैक कर नौकरी की भर्ती निकाला,फिर रजिस्ट्रेशन फीस खुद के खाते में ट्रांसफर करवाया

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में स्थित इस्पात कंपनी का अकाउंट हैक की घटना सामने आई है। जिसमें हैकर ने कंपनी के लिंकडिन अकाउंट को हैक कर लिया और नौकरी की भर्ती निकाल दी। जिसके बाद बड़ी संख्या में बेरोजगारों ने नौकरी के लिए फॉर्म भर दिया। आरोपी ने रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर बेरोजगारों से ऑनलाइन पैसे वसूल लिये। जिसके बाद मंदिर हसौद पुलिस ने हैकर दीपू सिंह(29) को गिरफ्तार कर लिया है।

JSW इस्पात कंपनी के सीनियर मैनेजर महेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी के पूर्व कर्मचारी के लिंकडिन अकाउंट को किसी ने हैक कर लिया। उस कर्मचारी ने तो 2016 में कंपनी से त्यागपत्र दे दिया है लेकिन उसके अकाउंट के सहारे किसी ने कंपनी के वेबसाइट से छेड़छाड़ की। हैकर ने कंपनी के नाम पर अलग-अलग पदों पर भर्ती निकाल दिया। जिसके लिए उसने बकायदा ऑनलाइन विज्ञापन भी जारी किया। इन पदों पर भर्ती के लिए उसने प्रति व्यक्ति 750 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस भी रखी। जिसके बाद कई बेरोजगारों ने इस विज्ञापन को देखा और नौकरी पाने के लिए फॉर्म के साथ रजिस्ट्रेशन फीस के पैसे हैकर के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब इस घटना की सूचना कंपनी के मैनेजमेंट को लगी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल पुलिस के पास इसकी शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने फार्म के पैसे भेजने के लिए दिए गए खाते की जानकारी एकत्रित की। इसके साथ ही छानबीन में मिले नंबरों को साइबर एक्सपर्ट से जांच करवाया गया। जिसके बाद आरोपी की लोकेशन रायपुर के कबीर नगर में दिखाया। तत्काल पुलिस ने घेराबंदी कर दीपू सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# अवैध संबंध के चलते पत्नी ने की पति की हत्या, प्रेमी के साथ मिलकर शव नदी में फेंका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सक्ती।** सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र के गुंजियाबोड़ गांव में अवैध संबंध के कारण 23 वर्षीय प्रेमी प्रमोद साहू के साथ मिलकर पत्नी चानेश्वरी साहू ने अपने पति गणेश साहू की गला दबाकर हत्या कर दी। और उसके शव को सोननदी में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

मृतक गणेश साहू, टाइल्स मिस्त्री का काम करता था। उसकी पत्नी का पड़ोस में रहने वाले



23 वर्षीय युवक से अवैध संबंध की वजह अक्सर दोनों में झगड़ा होता था। इसके बाद पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, महिला चानेश्वरी साहू ने 28 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 मार्च की रात उसका पति गणेश साहू घर से कहीं चला गया था। इस बीच पुलिस की जांच से पता चला कि मृतक की पत्नी चानेश्वरी साहू की पड़ोस में रहने वाले प्रमोद साहू से फोन पर बातचीत होती थी। इससे अक्सर पति-पत्नी में झगड़ा होता था। 27 मार्च को रात में चानेश्वरी साहू से मिलने प्रमोद उसके घर आया था।

इसी दौरान गणेश साहू ने उन्हें कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर उसकी पत्नी और प्रेमी के साथ झगड़ा हो गया था, तब चानेश्वरी साहू ने अपने 23 वर्षीय प्रेमी प्रमोद साहू के साथ गमछे से बांधकर गला घोंट कर उसकी हत्या कर शव को सोननदी में फेंक दिया था और झूठी कहानी बताकर उनके घर वालों एवं पुलिस वालों को गुमराह किया था। मामले में हसौद पुलिस ने आरोपी पत्नी चानेश्वरी साहू और प्रेमी प्रमोद साहू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### ग्राम धौराभाठा में 7 को मुख्यमंत्री का भेट मुलाकात

**दुर्ग।** छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात का कार्यक्रम 7 अप्रैल को पाटन विधानसभा के ग्राम धौराभाठा में तय हो गया है।स्थल का निरीक्षण पाटन एस.डीएम् विपुल कुमार गुप्ता सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने किया है।बताया जाता है कि सी एम का भेट मुलाकात कार्यक्रम ग्राम धौराभाठा के हाईस्कूल के सामने होगा। इस भेट मुलाकात कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों मे काफी उत्साह है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत सेलूद के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सेलूद को नगर पंचायत बनाने, यहां पर कालेज खोलने,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य माँगो को प्राथमिकता से कर सकते है।साथ ही हर गांव के जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक एक प्रमुख माँग मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जा सकता है। मुख्यमंत्री के भेट मुलाकात हेतु अभी तिथि तय नही हुआ है।गांव का चयन सी एम हाउस से किया गया है। चूंकि दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री का भेट मुलाकात कार्यक्रम अप्रैल माह में होना है। इस लिहाज से तैयारी सुरु कर दिए है।

### सेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन हासिल किया

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) - इस्पात मंत्रालय के तहत एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, ने 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वोत्तम वार्षिक उत्पादन हासिल किया है। इस अवधि के दौरान कंपनी ने 194.09 लाख टन हॉट मेटल और 182.89 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन दर्ज किया है जो पिछले सर्वश्रेष्ठ की तुलना में क्रमशः 3.6 प्रतिशत और 5.3 प्रतिशत की वृद्धि थी। कंपनी लगातार अपने उत्पादन में वृद्धि करने के साथ-साथ मूल्य वर्धित और विशेष इस्पात उत्पादन पर ध्यान दे रही है।

### वरखेड़कर दंपति ने एकसाथ किया देहदान

भिलाई। चार दशकों से शिक्षा के माध्यम से ज्ञान का अलख जगाने वाले वरखेड़कर दंपति ने देहदान कर मानवता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है ! 20/20, नेहरू नगर ईस्ट निवासी के.एम. वरखेड़कर और उनकी पत्नी वंदना वरखेड़कर ने प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के पश्चात उनके माध्यम से एम्स रायपुर के नाम देहदान की 2 वसीयतें की है !
उनकी इस पहल पर वार्ड पार्षद संदीप निरंकारी ने वरखेड़कर दंपति के घर जाकर उन्हें सम्मानित किया ! मानवता की भलाई के लिए की गई इस अनुकरणीय पहल के दौरान पवन केसवानी के अलावा अथर्व बेडेकर,राजेश मेश्राम, हरी राव,बुद्ध शरण बोरकर ने भी अपनी विशेष सहभागिता प्रदान की ! भिलाई की सामाजिक संस्था प्रनाम के द्वारा विगत 15 सालों से घर-घर जाकर काउंसलिंग के माध्यम से अभी तक 1200 से ज्यादा लोगों को देहदान हेतु प्रेरित किया जा चुका है जिसमें अनेक लोगों की पार्थिव काया छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु उपलब्ध भी हो चुकी है ।

### दुर्ग जिला भाजपा में बहुप्रतीक्षित महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष की हुई नियुक्ति

**दुर्ग।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव व प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति एवं जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल की स्वीकृति से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर दिव्या कलिहारी (साहू) को नियुक्त किया है। दिव्या कलिहारी साहू समाज की प्रतिष्ठित सामाजिक नेता है, दिव्या कलिहारी दुर्ग जिला साहू संघ की महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका रह चुकी है तथा वर्तमान में दुर्ग जिला साहू संघ की जिला उपाध्यक्ष है। श्रीमती कलिहारी पाटन ब्लाक के ग्राम चुनकट्टा की निवासी है। नियुक्ति पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि जिले में 50 प्रतिशत महिलाओं की आबादी के बीच भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को गति प्रदान करने एवं महिलाओं के बीच पार्टी का आधार मजबूत करने की दृष्टि से श्रीमती दिव्या कलिहारी (साहू) को महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी को निर्देशित किया है कि महिला मोर्चा की दुर्ग जिला कार्यकारिणी की जल्द ही घोषणा करें साथ ही दुर्ग जिला संगठन के सभी 13 मंडलों में शीघ्रातिशीघ्र महिला मोर्चा की टीम का गठन करे। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष के रूप में दिव्या कलिहारी की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करने वालों में जिला भाजपा उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, दिलीप साहू, विनायक नातू, के.एस. चौहान, श्रीमती अलका बाघमार, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, डॉ. सुनील साहू, सुनील अग्रवाल, देवनारायण चंद्राकर, महेश जैन, कौशल साहू, धर्मेंद्र ठाकुर सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल है।

# बीएसपी ने वित्त वर्ष 2022-23 में उत्पादन के क्षेत्र में किया धमाकेदार प्रदर्शन

## फिनिश्ड स्टील, सेलेबल स्टील व डिस्पैच में रिकॉर्ड उत्पादन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में उत्पादन के नए रिकॉर्ड दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। जिसमें फ़िनिश्ड स्टील, सेलेबल स्टील तथा डिस्पैच में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों ने भी इस वित्त वर्ष में उत्पादन के नए वार्षिक कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हुए। इनमें शामिल हैं सिंटर प्लांट-3, ब्लास्ट फर्नेस-8 एसएमएस-3 प्लेट मिल तथा बीआरएम ओएचपी ने नये रिकॉर्ड बनाये।



सिंटर प्लांट-3 ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने अप्रैल 2022 से मार्च, 2023 अवधि में 5.432 मिलियन टन सिंटर उत्पादन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 5.265 मिलियन टन सिटर को ध्वस्त किया। इसी क्रम में दोनों सिटर प्लाट्स ने मिलकर वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में कुल 8.033 मिलियन टन सिटर उत्पादन करते हुए वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 7?893 मिलियन टन सिटर उत्पादन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान रचा है।

### ब्लास्ट फर्नेस-8 ने किया रिकॉर्ड उत्पादन

सेल-मिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, ब्लास्ट फर्नेस-8 ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 2.543 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन कर पिछले वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 2?474 मिलियन टन हॉट मेटल को पछाड़ कर नया कीर्तिमान रचा है। एसएमएस-3 ने बनाया बेस्ट अप्रैल से मार्च का रिकॉर्ड सेल भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, एसएमएस-3 ने अप्रैल 2022 से मार्च, 2023 अवधि में 3.056 मिलियन टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन कर पिछले वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज 2?726 मिलियन टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

### बार एवं रॉड मिल ने भी किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

संयंत्र की अन्य मॉडेक्स इकाई बार एंड रॉड मिल ने भी अप्रैल, 2022 से मार्च, 2021 अवधि में 8.383 लाख टन उत्पादन कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया बीआरएम ने यह रिकॉर्ड पिछले वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में उत्पादित 7?187 मिलियन टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बनाया है।

### फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन में भी कीर्तिमान

सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के सभी फ़िनिशिंग मिलो ने मिलकर वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में कुल 4.434 मिलयन टन फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 3784 मिलियन टन फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन के अपने सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है। सेलेबल स्टील उत्पादन में श्रेष्ठ प्रदर्शन सेल-बीएसपी ने वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल से मार्च अवधि में 4.829 मिलियन टन सेलेबल स्टील प्रोडक्शन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज 4?666 मिलियन टन कुल सेलेबल स्टील प्रोडक्शन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है।

### डिस्पैच में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने मिलकर वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 4.78 मिलियन टन डायरेक्ट डिस्पैच कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 4?706 टन सेलेबल स्टील की लोडिंग के पिछले रिकॉर्ड को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है।

### टीम यूआरएम में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

टीम यूआरएम( यूनिवरसल रेल मिल) और सभी संबद्ध विभागों ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 7.94 लाख टन उत्पादन कर वर्ष 2020-21 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 6?293 टन ( प्राइम रेल ) के आंकड़े लोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है। जिसमें रोलिंग 109105 (922352 टन), फ़िनिश्ड - 848745 (वर्ष 2020-21-700482), प्राइम 794190,एसीसी - 93.5त्न, रेक डिस्पैच्ड - 835 हैं।

### एल आर (लॉन्ग रेल ) में बनाया कीर्तिमान

इसके अलावा एल आर (लॉन्ग रेल ) डिस्पैच टू आई आर (इंडियन रेल्वे) और सभी संबद्ध विभागों ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 1000 रेक्स (9.39 लाख टन) उत्पादन कर वर्ष 2020-21 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 785 रेक्स और 736019 टन के आंकड़े लोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है।

### हॉट मेटल प्रॉडक्शन मे भी रचे कीर्तिमान

सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के हॉट मेटल प्रॉडक्शन ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 5.42 मिलियन टन उत्पादन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 5.29 मिलियन टन के आंकड़े लोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है।

# श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** सत्तीचौरा गंजपारा दुर्ग में सैकड़ों वर्ष पुरानी श्री हनुमान मंदिर में श्री राम दरबार जिसमें श्री राम, लक्ष्मण, सीता की मूर्ति स्थापना की गयी। सत्तीचौरा में सैकड़ों वर्ष पुरानी हनुमान मंदिर है जिसमें यह प्राण प्रतिष्ठा की गयी, प्राण प्रतिष्ठा विद्वान पण्डित आचार्य डॉ विक्रांत दुबे एवं आचार्य डॉ आकाश दुबे के सानिध्य में की गयी, पूजन कार्य मे मुख्य यजमान अशोक गुप्ता परिवार थे। आशीष गुप्ता ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा में प्रथम दिवस श्री रामदेव बाबा मंदिर से कलश यात्रा निकालकर, भगवान श्री राम, लक्ष्मण जी, एवं सीता माता की मूर्ति का जलाधिवास, एवं 11 पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किया गया।

दूसरे दिवस अन्नाधिवास किया गया, शकराधिवास, फ़लाधिवास, पुष्पाधिवास का आयोजन किया गया जिसमें सभी गंजपारा वासी अपने अपने घरों से चावल, शक्कर, फल, फूल लेकर आये और अधिवास के पश्चात भगवान का शय्याधिवास कराया गया, जिसमें भगवान को सुलाया गया, राम नवमी के दिन भगवान का नेत्र खोलकर प्रतिष्ठा की गयी, ततपश्चात हवन, पूर्णाहुति, पूजन एवं आरती की गयी, ततपश्चात सभी धर्मप्रेमियों को खिचड़ी, हलवा, एवं मिष्ठान का वितरण किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा दिवस राम नवमी के दिन संध्या 7:30 बजे श्री राम जी की हनुमान जी की 108 पूजा थाल से महाआरती की गयी, आरती पश्चात संगीतमय श्री हनुमान चालीसा का पाठ सभी धर्मप्रेमियों ने सयुक्त रुप से मिलकर किये, प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रचीन श्री हनुमान मंदिर की विशेष साज-सज्जा की गई।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में योगेन्द्र शर्मा बंटी, अशोक राठी, राजेश शर्मा रमेश गुप्ता, प्रकाश टावरी, गोपाल शर्मा, सुरेश गुप्ता, मनीष सेन, पिंकी गुप्ता, राजू पुरोहित, मनोज गुप्ता, प्रकाश सिन्हा, महेश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, राहुल शर्मा, नरेंद्र गुप्ता, ईशान शर्मा, अर्जित शुक्ला, प्रकाश कश्यप, शिशु शुक्ला, आशीष मेश्राम, सोनल सेन, एवं सैकड़ों धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

# गांधी परिवार की कुर्बानी देश की जनता याद रखी है : कुरैशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने गांधी चैक केम्प-1 राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा के सामने से कैंडल जुलूस निकालकर लोकसभा के 4 बार सांसद रहे श्री राहुल गांधी जी को सुनियोजित षड़यंत्र कर के संसद की सदस्यता से समाप्त करने का जो षड़यंत्र किया गया जबकि पूरे लोकसभा सत्र में लोकसभा के अंदर लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से अडाणी के पास 20 हजार करोड़ रूपया कहा से आया।

इसको पता लगाने के लिए लगातार लोकसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से पूछते रहे लेकिन उन्होने कोई जवाब नहीं दिया जबकि लोकसभा के सदस्य को अधिकार है कि लोकसभा के अंदर चुना हुआ सांसद सदस्य देश के किसी भी व्यक्ति की जानकारी लेना चाहता है तो स्पीकर और देश के प्रधानमंत्री का नैतिक दायित्व होता है कि चूने हुए सांसद द्वारा देश के किसी भी व्यक्ति के बारे में जानकारी मांगे तो उसे जानकारी देना कर्तव्य होता है लेकिन लोकसभा में लगातार जब जब अडाणी और मोदी की बात आती थी तो तत्काल लोकसभा का माइक बंद कर दिया जाता था और संसद में सत्ता पक्ष के सांसदों द्वारा अवयवस्था पैदा कर के संसद की कार्यवाही को स्थगित कर दी जाती थी देश की आजादी एकता अखण्डता से लेकर देश को विकास की ओर अग्रसर करने वाला परिवार दादी श्रीमति इंदिरा गांधी जी एवं पिता राजीव गांधी जी जो देश की एकता और अखडता के लिए कुर्बानी देने वाले परिवार के व्यक्ति राहुल गांधी के साथ इस प्रकार की घिनौनी हरकत की गई है जिसे देश की जनता कैसे बर्दाश करेंगी। कार्यक्रम में श्रीमति तुलसी साहू, समयलाल साहू, सज्जन प्रसाद दिक्षित, रामा विश्वकर्मा, संजय लाखे, ईश्वरचंद्र त्रिपाठी, संतोष साहू, याती राम, नरेश सागरवंशी, ईश्वर राय, परवेज आलम, रमन मिश्रा, रवी जोशी उपस्थित थे।

# कचरा मुक्त शहर के लिए महिलाओं की कार्यशाला हाथों में मोबाइल टार्च ले कर दिया स्वच्छता का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। शहर को सुंदर और कचरा मुक्त करने महिलाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर विशेष कार्यशाला निगम सभागार में रखा गया था। जिसमें स्व सहायता समूह की 50 से भी अधिक महिलाएं शामिल हुई। बाद में महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में मोबाइल टॉर्च रैली निकालकर शहर भ्रमण की ।




रैली दिन ढलने के बाद निकाली गई। महिलाएं शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दे रही थी। हाथों में मोबाइल टोर्च की दुधिया रोशनी की तरह स्वच्छ रखने का संदेश दी। रैली में महिला एवं बाल विकास प्रभारी ईश्वरी साहू विशेष रूप से शामिल हुई। इसके पहले महिलाओं को जिला समन्वयक आकाश मिश्रा, विजय कश्यप व सिटी मिशन प्रबंधक आईरा आनंद ने घरों से निकलने वाले गिला और सूखा कचरा को किस तरह से व्यवस्थित तरीके से रखें इसके बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में शहर में प्लास्टिक प्रतिबंध होने की जानकारी दी गई। स्व सहायता समूह की महिलाओं को बताया गया कि वे जागरूक हो। शहर स्वच्छता के लिहाज से किस पायदान पर है उसकी जानकारी ले। महिलाओं को जानकारी होने से न केवल वह अच्छे से प्रचार कर सकती है, बल्कि आसपास के क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा सकती है। महिलाओं को कार्यशाला में जीरो वेस्ट इवेंट के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि घरों में उत्सव का कार्यक्रम होने पर किसी तरह के डिस्पोजल सामानों का उपयोग ना करें। स्वल्पाहार भी स्टील बर्तनों में दें।

# स्वरूपानंद महाविद्यालय के शिक्षार्थियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जानने के लिए सी मार्ट का किया भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय आमदी नगर हुडको के शिक्षा विभाग के डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षणार्थियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं कला से परिचित कराने हेतु सी मार्ट का भ्रमण करवाया गया उन्हें छत्तीसगढ़ के खानपान मुख्य रूप से मोटे अनाज मिलेट्स जैसे कोदो, कुटकी, रागी,हस्तकला, माटीकला , बांस से बने उत्पाद, संस्कृति सभ्यता स्थानीय उपज से बने विभिन्न उत्पादों की जानकारी प्रदान की गई विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से बनने वाले उत्पादों की जानकारी सी मार्ट के मैनेजर अतुल कुमार द्वारा प्रदान की गई कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुवे डॉक्टर शैलजा पवार ने कहा शैक्षणिक भ्रमण के द्वारा छत्तीसगढ़ में विभिन्न प्रकार के वनोपज की जानकारी प्रदान करना साथ ही उनका उपयोग और वनोपज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करना साथ ही उद्यमिता को बढ़ावा देना। महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी डॉ दीपक शर्मा ने कहां हमें



अपनी संस्कृति एवं हस्तकला की जानकारी प्रदान करने के लिए इस तरह के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों को अवश्य कराना चाहिए।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कला बहुत ही समृद्ध है इस विषय पर हम सभी को जानकारी होनी चाहिए इसके लिए हमें जब भी अवसर मिले उसका लाभ उठाते हुए विभिन्न जानकारी एकत्रित करनी चाहिए और लोगों को भी इस विषय पर जानकारी देनी चाहिए जिसे सभी लोग अपनी संस्कृति एवं कला को पहचाने सी मार्ट का भ्रमण विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ की संस्कृति से परिचित होने का सुनहरा मौका प्रदान करेगा। महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ अजरा हुसैन ने मिलेट्स से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में यह भ्रमण अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

सी मार्ट भ्रमण करने के पश्चात विद्यार्थियों के चेहरे पर हर्ष एवं खुशी देखने को मिली उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए डीएलएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थी लेख राम ने कहा सी मार्ट आकर बहुत अच्छा लगा यहां बहुत ही ऐसी वस्तुएं हमें देखने को मिली जो हमने पहली बार देखी जैसे बांस की कलाकृति माटी कला के बर्तनों के सेट बेल मेटल से बनी हुई विभिन्न वस्तुएं और आंवला महुआ का अचार आदि।

डी एल एड प्रथम वर्ष की प्रियंका निर्मलकर ने कहा यहां आकर बहुत अच्छा लगा बहुत रागी कुटकी का आटा और सूजी दलिया देखने को मिला। डी एल एड द्वितीय वर्ष की छात्रा भीमनी ने कहा सी मार्ट में हमें हमारी संस्कृति से जुड़ी बहुत सी वस्तुएं देखने को मिली जैसे काशी से बना रोटी रखने का पात्र जो हमने पहली बार देखा इसके साथ ही अन्य वस्तुएं बेल मेटल की कलाकृतियां मिट्टी के बर्तन आदि इस अवसर पर शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती उषा साहू डॉ शैलजा पवार एवं डीएलएड प्रथम वर्ष के लेख राम , लोकेश ,दीपक वाघमारे, दिव्या साहू, प्रियंका निर्मलकर , निधि मांडले, कामिनी ठाकुर, गरिमा, चंपा साहू एवं द्वितीय वर्ष की विद्यार्थी भीमनी उपस्थित रहे।

बेरोजगारी भत्ता शुरू होने पर युवाओं ने वोरा से मिलकर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

# प्रदेश को भूपेश पर भरोसा, जो कहा है वो सब करेंगे: अरुण वोरा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** 1 अप्रैल से प्रदेश में युवा बेरोजगारों के लिए बहुप्रतीक्षित बेरोजगारी भत्ता 2500 रु प्रतिमाह देने की शुरुवात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई। दुर्ग शहरी क्षेत्र के युवाओं ने बेरोजगारी भत्ता शुरू किए जाने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा से मुलाकात कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया एवं वोरा को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक अरुण वोरा ने कहा कि 15 वर्षों तक भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को सिर्फ छलने का कार्य किया है किंतु पिछले 4 वर्षों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने सर्वहारा वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। न्याय और सरोकार के इन 4 वर्षों में जनता से किए गए हर वादे को लगातार पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के किसानों, व्यापारियों , मजदूरों, गरीबों, महिलाओं युवाओं समेत बच्चे बच्चों को भूपेश पर भरोसा है जिसमे मुख्यमंत्री लगातार खरे उतरने का काम कर रहे हैं। किसानों एवं मजदूरों की राजीव गांधी न्याय योजना, बिजली बिल हाफ मुफ्त चिकित्सा सेवाएं, महतारी दुलार योजना के बाद युवाओं को बेरोजगारी भत्ता शुरू कर समज्जिक न्याय एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक और मील का पत्थर रखा गया है। आज से शुरू किए गए सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण से समस्त छूटे हुए पात्र हितग्राही भी शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। सर्वेक्षण करने का निर्णय दूरदर्शी एवं सराहनीय है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950